'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 200 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए शनिवार, 05 अक्टूबर 2024 samachargate@gmail.com

मैं भविष्य में राजनीति ही करना चाहती हूँ : रेणु चहल





## फरीदाबाद : जिला के छह विधानसभा क्षेत्र में आज होगा मतदान, तैयारियां पूर्ण

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिला प्रशासन शनिवार, पांच अक्टूबर को मतदान प्रक्रिया के लिए पूरी तरह से सजग एवं सतर्क है। जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने शुक्रवार को सभी विधानसभा क्षेत्रों के डिस्पैच सेंटर का दौरा करते हुए पोलिंग पार्टियों को धैर्यपूर्वक, शांति प्रिय ढंग से व निष्पक्षता के साथ मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने में अपनी जिक्वमेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से स पन्न करवाने के लिए छह विधानसभा क्षेत्र पृथला, एनआईटी, बडखल, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, व तिगांव की पोलिंग पार्टियों को निर्धारित फाइनल रिहर्सल उपरांत रवाना किया गया है।



शुक्रवार को डीएवी स्कूल सेक्टर-14, श्रीमती सुषमा स्वराज कॉलेज बल्लभगढ़, दौलत राम धर्मशाला, लखानी धर्मशाला, पंजाबी भवन और गुर्जर भवन में अंतिम रिहर्सल उपरांत चुनाव से संबंधित सामग्री व सामान उपलब्ध कराकर संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के बाद ईवीएम और वीवीपैट शनिवार 5 अक्टूबर को सायं 6 बजे के बाद यही जमा होंगी। संबंधित विस क्षेत्रों के सामान्य पर्यवेक्षकों ने भी निरीक्षण करते हुए संबंधित आरओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों की अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी पोलिंग पार्टियां अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि टीम वर्क के साथ चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनें और पूर्ण रूप से सचेत रहते हुए शांतिप्रिय ढंग से मतदान संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के तहत मतदान 5 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। इससे पहले सभी मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियों द्वारा मॉक पोल करवाया जाए तथा मॉकपोल उपरांत ही मतदान प्रक्रिया शुरू करवाई जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर तैनात किए गए सभी अधिकारी और कर्मचारी निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान करवाने के लिए पूरी जिक्वमेदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को शांतिप्रिय ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से हर गतिविधि पर नजर रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर मतदाताओं को मतदान केंद्र में किसी भी रूप से अपने मोबाइल का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई मतदाता अपने मोबाइल का उपयोग करते हुए पाया जाता है तो उस पर तुरंत प्रभाव से कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## विधानसभा चुनाव को लेकर जिला में बनाए गए कुल 1650 पोलिंग बूथ

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए जिला में कुल 1650 बूथ बनाए गए हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए हाईराइज सोसायटी व ग्रुप हाऊसिंग सोसायटी में 57 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला के 17 लाख 94 हजार 552 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर विधानसभा चुनाव में भागीदारी निभाएंगे।



जिला निर्वाचन अधिकारी फरीदाबाद जिला में मतदाताओं के बारे में निर्वाचन आयोग के आंकड़ों का जिक्र करते हुए बताया कि जिला के 85-पृथला विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 20 हजार 479 पुरुष, एक लाख 05 हजार 717 महिलाएं व छह ट्रांसजेंडर सहित कुल दो लाख 26 हजार 202 मतदाता हैं। इसी प्रकार 86-एनआईटी विस क्षेत्र में 01 लाख 77 हजार 619 पुरुष, 01 लाख 43 हजार 528 महिलाएं व 12 ट्रांसजेंडर वोटर सहित कुल 3 लाख 21 हजार 159 मतदाता हैं। 87-बडखल विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 79 हजार 01 पुरुष, 01 लाख 53 हजार 100 महिलाएं व 24 ट्रांसजेंडर सहित 3 लाख 32 हजार 125 मतदाता हैं। 88-बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 51 हजार 863 पुरुष, एक लाख 22 हजार 875 महिलाएं एवं 05 ट्रांसजेंडर समेत 2 लाख 74 हजार 743 मतदाता हैं। 89-फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 42 हजार 221 पुरुष, 01 लाख 23 हजार 640 महिलाएं एवं 08 ट्रांसजेंडर सहित 2 लाख 65 हजार 869 मतदाता हैं। वहीं 90-तिगांव विधानसभा विस क्षेत्र में 02 लाख 05 हजार 321 पुरुष, एक लाख 69 हजार 108 महिलाएं एवं 25 ट्रांसजेंडर सहित 3 लाख 74 हजार 454 मतदाता हैं जो शनिवार 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव 2024 में भागीदारी निभाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने व महिला मतदाताओं को बढ़चढ़कर मतदान के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला की विधानसभाओं में पिंक पोलिंग बूथ एवं सखी बूथ स्थापित किया गया है। इन सखी बूथ पर पोलिंग पार्टियों में महिलाएं अधिकारी एवं कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएंगी। इन बूथों को सुसज्जित ढंग से सजाया गया है। शुक्रवार को 86-एनआईटी के आरओ एवं एडीसी डॉ.आनंद शर्मा, 90-तिगांव विस के आरओ एवं सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, 89-फरीदाबाद विस क्षेत्र की आरओ एवं एसडीएम फरीदाबाद शिखा, 88-बल्लभगढ़ विस क्षेत्र के आरओ एवं एसडीएम मयंक भारद्वाज, 87-बडखल विस क्षेत्र के आरओ एवं एसडीएम अमित मान व 85-पृथला विस क्षेत्र के आरओ एवं हशिविप्र के संपदा अधिकारी सिद्धार्थ दहिया की देखरेख में सभी पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गई।

## फरीदाबाद : कहीं बेटों तो कहीं पत्नियों ने संभाली प्रत्याशियों की चुनावी कमान



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में विधानसभा चुनावों के दौरान प्रचार अभियान में प्रत्याशियों के परिजनों ने भी जमकर पसीना बहाया। कहीं बेटों तो कहीं पत्नियों ने भागदौड़ करके अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जमकर प्रचार प्रसार किया।

तिगांव विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर के सुपुत्र अभिलाष नागर ने उनके चुनावी कमान को बखूबी संभाला, सोशल मीडिया से लेकर चुनाव प्रचार को हाईटेक करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी और मजबूती से अपने पिता की चुनावी कमान संभाली। इसी प्रकार फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला के सुपुत्र नितिन सिंगला भी चुनाव प्रचार अभियान के दौरान काफी एक्टिव नजर आए। उन्होंने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में अलग प्रचार अभियान चलाया और अपने पिता को मजबूती प्रदान की। कहीं नुक्कड सभाएं और कहीं जनसभाएं में पहुंचकर न केवल अपनी कार्यकुशलता से लोगों के दिलों में जगह बनाने का काम किया। इसी प्रकार बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड रहे विजय प्रताप की पत्नी रेणुका प्रताप और उनके पुत्र विधान प्रताप ने भी चुनावी कमान को बखूबी संभाला। रेणुका प्रताप ने पंजाबी बाहुल्य क्षेत्रों में अपने पति के पक्ष में प्रचार किया वहीं विधान प्रताप ने भी सोशल मीडिया सहित अन्य कार्यों का जिम्मा बखूबी संभालते हुए अपने कार्यकुशलता का परिचय दिया। इसी प्रकार एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से इनेलो-बसपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे नगेंद्र भड़ाना के पुत्र रजत भड़ाना ने भी चुनाव प्रचार अभियान में अपने पिता के लिए जमकर पसीना बहाया और शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सभाएं कर अपने पिता को जिताने के लिए लोगों से अपील की। इसके अलावा पृथला विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा के चुनाव प्रचार में उनकी धर्मपत्नी व बेटी स्नेह शर्मा ने भी जमकर मेहनत की और गांव-गांव जाकर टेकचंद शर्मा के समर्थन में वोट मांगे। स्नेहा शर्मा ने अपनी माता के साथ महिलाओं के बीच जाकर भाजपा की नीतियों और अपने पिता द्वारा विधायक कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों का जमकर बखान किया और उन्हें जिताने के लिए जमकर पसीना बहाया। इसी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे दीपक डागर की पत्नी गीता डागर ने भी अपने पति की चुनाव प्रचार अभियान की कमान को बखूबी संभाला और उनके पक्ष में जमकर प्रचार प्रसार कर वोट मांगे। इस चुनाव में प्रत्याशियों के बेटे, बेटियों और पत्नियों की मेहनत को अनदेखा नहीं किया जा सकता, वह इस चुनावी रण में उतरी और जमकर प्रचार प्रसार किया।

## महारानी वैष्णो देवी मंदिर में दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा अर्चना



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** नवरात्रों के दूसरे दिन महारानी वैष्णो देवी मंदिर में माता ब्रह्मचारिणी की भव्य पूजा अर्चना की गई, मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही मंदिर में भक्तों की लाइन लगती प्रारंभ हो गई. मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने प्रात: कालीन आरती एवं हवन यज्ञ का शुभारंभ करवाया. श्री भाटिया ने श्रद्धालुओं को नवरात्रों की शुभकामनाएं भी दी. इस शुभ अवसर पर उद्योगपति आरके जैन, केसी लखानी, बडकल विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप, उद्योगपति आर के बत्रा एवं भारत अरोरा ने माता के चरणों में माथा टेक कर अपनी अरदास लगाई, मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने आए हुए सभी गणमाने लोगों को माता की चुनरी एवं प्रसाद भेंट किया, कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप ने माता रानी से जीत का आशीर्वाद मांगा.


श्री भाटिया ने इस अवसर पर कहा कि जो भी भक्त सच्चे मन से माता रानी के सामने अपनी अरदास लगाते हैं वह आवश पूर्ण होती है. इस अवसर पर श्री भाटिया ने मां ब्रह्मचारनी का गुणगान करते हुए कहा कि दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं।कथा के अनुसार पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात्‌ ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया। एक हजार वर्ष तक इन्होंने केवल फल-फूल खाकर बिताए और सौ वर्षों तक केवल जमीन पर रहकर शाक पर निर्वाह किया। कुछ दिनों तक कठिन उपवास रखे और खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के घोर कष्ट सहे। तीन हजार वर्षों तक टूटे हुए बिल्व पत्र खाए और भगवान शंकर की आराधना करती रहीं। इसके बाद तो उन्होंने सूखे बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिए। कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रह कर तपस्या करती रहीं। पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण ही इनका नाम अपर्णा नाम पड़ गया।

श्री भाटिया ने कहा की कथा के अनुसार कठिन तपस्या के कारण देवी का शरीर एकदम क्षीण हो गया। देवता, ऋषि, सिद्धगण, मुनि सभी ने ब्रह्मचारिणी की तपस्या को अभूतपूर्व पुण्य कृत्य बताया, सराहना की और कहा- हे देवी आज तक किसी ने इस तरह की कठोर तपस्या नहीं की।

## आपका वोट आपकी आवाज है, अपना वोट जरूर दें!

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** निर्दलीय प्रत्याशी राव रामकुमार ने कहा है कि प्रिय मतदाता आपका दिल आपका मन जिसको चाहो उसको वोट दो! आज लोकतंत्र का महापर्व है इसलिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग अपने घरों से निकले और मतदान करें उन्होंने कहा है कि देश के लिए कुछ करने का मौका जाने न दें, देश के भविष्य के लिए मतदान करें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन कोई बहाना नहीं। गर्व के साथ अपना वोट करें और लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में शामिल हों वोटिंग संबंधित किसी भी जानकारी के आप eci.gov.in पर जाएँ।



## राव नरबीर सिंह सुबह साढे आठ बजे करेंगे मतदान

समाचार गेट/ब्यूरो

**गुरुग्राम।** बदशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी व पूर्व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह 5 अक्टूबर, शनिवार को सुबह साढे 8 बजे फाजिलपुर झाड़सा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बनाये गए बूथ नम्बर 440 पर पहुंचकर मतदान करेंगे। इसके पश्चात विधानसभा क्षेत्र के कुछ अन्य बूथों का भी निरीक्षण करने के लिए जाएंगे।



## पिटबुल ने 22 वर्षीय युवक का कान काटा, 11 घंटे की पुनर्निर्माण सर्जरी

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** अमृता अस्पताल, फरीदाबाद के डॉक्टरों ने 22 वर्षीय व्यक्ति के कान को बचाने के लिए 11 घंटे के माइक्रोसर्जिकल ट्रांसप्लांट को सफलतापूर्वक किया। मरीज का बायाँ कान उसके पालतू जानवर पिटबुल द्वारा दुर्घटनावश काटने के कारण लगभग कट गया था। यह चुनौतीपूर्ण सर्जरी एक जीवन-परिवर्तनकारी प्रक्रिया थी जिसने न केवल रोगी की शारीरिक उपस्थिति बल्कि उसके आत्मविश्वास को भी बहाल किया है। फरीदाबाद के रहने वाले व्यक्ति के पालतु कुत्ते ने उनका बाएं कान का अधिकांश हिस्सा काट लिया था और कान केवल 2 मिमी की एक छोटी त्वचा के पुल से जुड़ा हुआ था। इसके घटना के बाद पीड़ित को अमृता अस्पताल लाया गया और उन्हें तुरंत इमरजेंसी में एडमिट किया, जहां अस्पताल की मेडिकल टीम ने मरीज के कान में रक्त के प्रवाह को फिर से स्थापित करने को प्राथमिकता दी। अस्पताल के एचओडी डॉ. मोहित शर्मा ने कहा, कि कान की वाहिकाएँ बेहद छोटी होती हैं, जिनकी माप 0.5 मिमी से भी कम होती है। इससे प्रक्रिया में कठिनाई बढ़ गई, क्योंकि नसें पूरी तरह से फट गई थीं। छेद को बंद करने और कान को पुनर्जीवित करने के लिए, धमनी और शिरा के क्षतिग्रस्त घटक को बदलने के लिए शरीर के दूसरे क्षेत्र से एक छोटे से नस खंड का उपयोग करना पड़ा। सर्जरी में छोटी वाहिकाओं को फिर से जोडने. के लिए 40ङ्ग आवर्धन ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप और सुपर-माइक्रोसर्जिकल उपकरणों का उपयोग करना शामिल था, जो कान में ऑक्सीजन युक्त रक्त की आपूर्ति को बहाल करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। टीम ने 11 घंटे में दो सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की, पहला ऑपरेशन छह घंटे और दूसरा पांच घंटे तक चला।




## मतदान के साथ शॉपिंग का डबल फायदा, ब्रांडेड स्टोर्स पर मिलेगी छूट

चुनाव का फर्ज निभाएं, 05-06 अक्टूबर को शॉपिंग में छूट का आनंद उठाएं




समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि शनिवार, 05 अक्टूबर को मतदान करें और उसी दिन तथा अगले दिन प्रतिष्ठित दुकानों पर विशेष छूट का लाभ उठाएं। मतदान करने के बाद अंगुली पर लगी स्याही दिखाकर चिन्हित शोरूम में विभिन्न उत्पादों व खाद्य पदार्थों पर 10 से 20 प्रतिशत की छूट का फायदा ले सकते हैं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि चुनाव का पर्व-प्रदेश का गर्व थीम के साथ हरियाणा विधानसभा चुनाव आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व मतदान में हर नागरिक को हिस्सा लेना चाहिए। हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान बेहद जरूरी है। इसे गंभीरता से समझना चाहिए। मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके लिए संगठनों तथा संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है। डीसी ने बताया कि विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधियां सफलतापूर्वक जारी हैं और हाल ही में एक साथ फरीदाबाद जिला ने मतदान में भागीदार बनने का संकल्प लेकर कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने में प्रशासन अपना दायित्व निभा रहा है। स्वीप गतिविधियों के तहत हर प्रकार के प्रयास करके मतदाताओं को जागरूक किया है ताकि वे बढ़-चढकर मतदान करें। मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.आनंद शर्मा को सौंपी गई है, जिनके अथक प्रयासों से जागरूकता की अलख जगाई जा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि लगातार किये जा रहे प्रयासों से मत प्रतिशत में वृद्धि होगी। स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद शर्मा ने बताया कि सेक्टर-12 स्थित पैबल डाउनटाउन मॉल ने मतदाताओं को प्रोत्साहन देने में विशेष पहल की है। मॉल स्थित नामी-गिरामी शोरूम संचालकों ने घोषणा की है कि वे 05 अक्टूबर को मतदान करने वाले मतदाताओं को उनके उत्पादों की खरीद पर विशेष छूट देंगे। यह छूट दो दिन मिलेगी। मतदान करने के उपरांत 05 व 06 अक्टूबर को जो मतदाता मॉल स्थित 17 ब्रॉडिड शोरूम पर जाकर अपनी मतदान की स्याही लगी अंगुलि दिखायेगा उसको विशेष छूट प्राप्त होगी।

## कनीना के निमार्णाधीन लघु सचिवालय का 85 फीसदी कार्य पूरा

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना के नवनिर्मित लघु सचिवालय भवन का 85 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। जनवरी 2025 तक प्रोजेक्ट पूरा होने की उम्मीद है। एक ही छत के नीचे सभी कार्यालय संचालित होने के बाद आमजन को सुविधा मिलेगी। प्रदेश के तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने उस वक्त को डिप्टी स्पीकर संतोष यादव के आव्हान पर वर्ष 2015 में कनीना महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित जनसभा में इसके बजट अलाट करने करने की घोषणा की थी। 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद विधायक सीताराम यादव,अभय सिंह व केंद्रीय वजीर राव इंद्रजीत सिंह एवं हाईकोर्ट के न्यायधीश की उपस्थिति में 23 मार्च 2022 को इसका शिलान्यास किया किया। जबकि उपमंडल स्तरीय न्यायालय भवन का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है। बिना उचित भवन के कनीना में संचालित दो नियमित एवं एक साप्ताहिक कोर्ट भी जैसे-तैसे काम चला रही हैं। अधिवक्ता भी गर्मी-सर्दी एवं बारिश में टीनशैड के नीचे बैठकर कार्य करने को मजबूर हैं। बहरहाल लघु सचिवालय का कार्य पूरा होने के बाद आमजन को सुविधा मिलेगी। एसडीएम अमित कुमार बताया कि निर्माण कर रही कम्पनी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण का कार्य पूरा होने पर एसडीएम कार्यालय सहित अन्य उपमंडल स्तरीय कार्यालय नए भवन में संचालित होगें।

## कनीना मंडी में बाजरे की बंपर आवक, 27273 क्विंटल बाजरे की हुई खरीद



**कनीना सुनील दीक्षित**

सावन-भादोमास में हुई बारिश के बाद बाजरे की बंपर पैदावार हुई है। इसका अंदाजा कनीना मंडी में 1 अक्टूबर से शुरू हुई खरीद से लगाया जा सकता है। पिछले तीन दिन के अंतराल में 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 27273 क्विंटल बाजरे की खरीद की जा चुकी है। लेकिन उठान कार्य शुरू नहीं हुआ है। उठान कार्य के लिए महेंद्रगढ की बाबूलाल नामक फर्म को निर्धारित किया गया है। जो बाजरे को पलवल व सफीदों,जींद में बने गोदाम में स्टॉक करेगें। खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा सिंह ने बताया कि कनीना की नयी आनाज मंडी में शुक्रवार को खरीद नहीं की जा सकी। उठान कार्य के लिए एजेंसी को कहा गया गया है। बारिश होने की स्थिति में खरीदे गए बाजरे के भीगने की संभावना बन रही है। उन्होंने बताया कि शनिवार व रविवार को मंडी में बाजरे की खरीद नहीं की जाएगी। ईधर किसान बाजरे की कटाई में तेजी से जुटे हुए हैं। बाजरा निकाल कर सीधा मंडी भेजा जा रहा है। किसान ई-खरीद पोर्टल से स्वयं गेट पास निकाल रहे हैं। जिसके चलते उन्हें कतार में लगने की जरूरत नहीं है। किसान सत्यवीर सिंह रामबास,नरेंद्र सिंह छितरोली, रोशन सिंह नांगल ने बताया कि किसानों द्वारा बोती 30 जुलाई को मॉनसून की बारिश होने के बाद कुंए की मोटर बंद की गई थी जो अब तक बंद हैं। समय-समय पर बारिश होने पर उनकी ओर से ट्यूवैल से फसल सिंचाई नहीं की गई। नहरों में भी पानी की खासी सप्लाई हुई है। क्षेत्र में बाजरे,गवार तथा कपास की फसल पर रंगत छाई हुई है। कृषि विभाग के एडीओ विकास यादव ने बताया कि कनीना विकास खंड में करीब 33 हजार हैक्टेयर कृषि योज्य भूमि है जिसमें से 19 हजार हैक्टेयर भूमि में बाजरा, 6 हजार हैक्टेयर में गवार 6900 हैक्टेर भूमि में कपास तथा 98 हैक्टेयर रक्बे में मूंग की खेती गई। खरीफ फसल की बंपर पैदावार हो रही है।

## टैक्टर व आल्टो की आमने-सामने की टक्कर में आल्टो चालक की दर्दनाक मौत

### -कनीना-रेवाडी मार्ग पर भडफ के समीप घटित हुआ हादसा

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना-रेवाडी सडक मार्ग पर भडफ के पास बृहस्पतिवार देर सांय टैक्टर व आल्टो कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में आल्टो चालक की दर्दनाक मौत हो गई। इस बारे में मृतक के चचेरे भाई ककराला निवासी राजमनीष ने कनीना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि अपने सर्विस स्टेशन से भडफ होते हुए ककराला जा रहा था,उसके ताउ का लडका पुनीत कुमार भी आल्टो कार से आगे चल रहा था,जब वह सरस्वती स्कूल भडफ के समीप पंहुचा तो सामने से तेज गति से आ रहे एक टैक्टर ने आल्टो कार को टक्कर मार दी। जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड जमा हो गई ओर टैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घायल आल्टो कार चालक पुनीत कुमार को गाडी से निकाल कर राहगीरों की मदद से उप नागरिक अस्पताल कनीना के इमरजेंसी वार्ड में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने राजमनीष की शिकायत पर स्वराज टैक्टर के चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया। थाना इंचार्ज रतन सिंह ने बताया कि मृतक का पंचनामा करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। आरोपी टैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

### - राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी से ईवीएम व चुनाव सामग्री के साथ रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

**(अनिल मोहनियां नूंह)**

हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर शुक्रवार को शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी में जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियों की फाइनल रिहर्सल करवाई गई तथा इसके बाद उन्हें निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम, वीवीपैट, जरूरी चुनाव सामग्री व पीओ डायरी सहित सभी प्रकार के निर्धारित फार्म के साथ रवाना किया गया। सभी पोलिंग पार्टियों के साथ पुलिस विभाग के कर्मचारी व सुरक्षा गार्ड भी मतदान केंद्रों पर भेजे गए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 655 बूथ बनाए गए हैं, जिन पर 786 पोलिंग पार्टियां लगाई गई हैं। सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियों की नियुक्ति के बाद



131 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि 79-नूंह विधानसभा क्षेत्र में 201 बूथ बनाए गए हैं, जिन पर 20 प्रतिशत रिजर्व पोलिंग पार्टियों सहित 241 पोलिंग पार्टियों लगाई गई हैं। इसी प्रकार 80-फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र में 258 बूथ बनाए गए हैं, जिन पर रिजर्व पोलिंग पार्टियों सहित 310 पोलिंग पार्टियां लगाई गई हैं। इसके अलावा 81-पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र में 196 बूथ बनाए गए हैं, जिन पर रिजर्व पोलिंग पार्टियों सहित 235 पोलिंग पार्टियां लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी से पोलिंग पार्टियों व माइक्रो आब्जर्वर को ईवीएम व वीवीपैट के साथ तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बने मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया है। जिन कर्मचारियों व अधिकारियों ने पोस्टल बैलेट वोट के लिए फार्म नंबर-12 व 12ए एप्लाई किया था, उनके वोट भी आज राजकीय कालेज सालाहेड़ी में ही डलवाए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सभी पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच गई हैं, जहां पर जाकर उन्होंने मतदान केंद्र को तैयार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से चुनाव कराने संबंधी सभी प्रबंध व तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे व विडियोग्राफी से निगरानी रखी जाएगी। सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से सभी बूथों की चुनाव आयोग द्वारा व जिला स्तर पर मॉनीटरिंग की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टियों व माइक्रो आब्जर्वर को फाइनल रिहर्सल के माध्यम से चुनाव संबंधी भारत निर्वाचन आयोग की सभी प्रकार की गाइडलाइन के बारे में अवगत कराया गया है।

इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक जे मंजूनाथ व अवधेश कुमार तिवारी सहित अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, एसडीएम एवं आरओ फिरोजपुर झिरका डा.चिनार चहल, एसडीएम एवं आरओ नूंह प्रदीप अहलावत, एसडीएम एवं आरओ पुन्हाना संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों पर कल होगी वोटिंग, 1031 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेगा मतदाता

**चंडीगढ़:** पांच साल के बाद वोट देकर अपनी सरकार चुनने की जिस घड़ी का इंतजार हरियाणा की जनता को था, वह आ गई है और शनिवार को विधानसभा चुनाव का मतदान है जिसमें 1031 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल के अनुसार कुल 2,03,54,350 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। प्रदेश की सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1031 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है और मतदान के लिए 20,632 पोलिंग बूथ बनाएं गए है। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। अग्रवाल ने बताया कि 2,03,54,350 मतदाताओं में 1,07,75,957 पुरूष, 95,77,926 महिलाएं और थर्ड जेंडर 467 मतदाता है। 18 से 19 आयु वर्ग के 5,24,514 युवा मतदाता है। इसी प्रकार, 1,49,142 दिव्यांग मतदाता है। जिसमें से 93,545 पुरुष व 55,591 महिला व छह थर्ड जेंडर मतदाता है। उन्होंने बताया 85 वर्ष से अधिक आयु के 2,31,093 मतदाता हैं। जिसमें से 89,940 पुरुष व 1,41,153



महिला मतदाता है। इसके अलावा, 100 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाताओं की संख्या 8,821 है। जिसमें से 3,283 पुरुष व 5,538 महिला मतदाता है। इसके अतिरिक्त, 1,09,217 सर्विस मतदाता है। जिसमें से 1,04,426 पुरुष व 4791 महिला मतदाता है। प्रत्याशियों में 930 पुरूष व 101 महिलाएं उम्मीदवार चुनाव लड रही है। कुल 1031 उम्मीदवारों में से 464 निर्दलीय उम्मीदवार है। चुनाव बहुकोणीय है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल कॉंग्रेस के अलावा चुनावी मैदान में जननायक जनता पार्टी-आजाद समाज पार्टी, गठबंधन, इंडियन नैशनल लोकदल-बहुजन समाज पार्टी गठजोड़ और आम आदमी पार्टी भी हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा और कॉंग्रेस में माना जा रहा है। जहां भाजपाह्ननॉन-स्टॉप हरियाणा'वहाभरोसा दिलसे, भाजपा फिर से'कि नारे के साथ हैट्रिक लगाने की उम्मीद कर रही है, वहीं कॉंग्रेस ह्याभाजपा जा रही है, कॉंग्रेस आ रही है' और ह्राहाथ बदलेगा हालात' के नारों के साथ सत्ता में वापसी का दावा कर रही है। अन्य दल भी ह्राकिंगमैकर' बनने से लेकर अपने बूते सरकार बनाने तक के दावे कर रहे हैं। छोटे दलों, रिश्तेदारों के एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने से लेकर बागियों सहित बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में होने से राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों का खेल बिगाड़ने की संभावनाओं के कारण कई सीटों पर मुकाबला कड़ा व रोचक हो गया है।

जिन सीटों पर लोगों की नजर रहेगी उनमें कुरुक्षेत्र जिले की लाड़वा (मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यहाँ से प्रत्याशी हैं),

सोनीपत जिले की गढ़ी सांपला किलोई (पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा प्रत्याशी हैं) जींद जिले की उचाना कलॉं (पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला यहाँ से प्रत्याशी हैं) और जुलाना (कॉंग्रेस ने पहलवान विनेश फोगाट को टिकट दिया है), हिसार (यहाँ अमीरतम महिला प्रत्याशी सावित्री जिंदल भाजपा से बगावत कर चुनाव लड़ रही हैं जबकि उनके पुत्र नवीन जिंदल लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर जीतकर सांसद बने हैं), सिरसा जिले की डबवाली जहां चौटाला कुनबे से तीन सदस्य - कॉंग्रेस के अमित सिहाग, भाजपा से इनेलो गए आदित्य चौटाला और जजपा से दिग्विजय चौटाला आपस में भिड़ रहे हैं

## होडल की सभी पोलिंग पार्टियों को अपने अपने बूथों के लिए किया रवाना



**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

होडल सभी पोलिंग पार्टियों अपने-अपने बूथो पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न करने के उद्देश्य से भेज दी गई है, यह वक्त शुक्रवार को होडल निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम डोडल ने राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में पोलिंग पार्टियों की फाईनल रिहर्सल के दौरान व्यक्त किये। निर्वाचन अधिकारी होडल एवं एसडीएम होडल में सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा चुनाव का पर्व है हमें अपने आप पर गर्व है सभी मतदाता बूथ पर जाकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा की चुनाव कार्य करवाने में आपको अपने बूथ पर कोई भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा पूरी तरह आपको रिहर्सल के दौरान चुनाव की सभी बारीकियां के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया है उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव 2024 को पारदर्शी एवं निष्पक्ष संपन्न करवाने के लिए पोलिंग पार्टियों को पूर्ण जानकारी देते हुए कहा की सभी फॉर्म ठीक से भरे जाएं और हैंड जॉन प्रेक्टिस बहुत जरूरी है पोलिंग पार्टियों को मशीनों की पूर्ण जानकारी हो। इसी कड़ी में निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम होडल ने माइक्रो आब्जर्वर ,जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर सुपरवाइजर के साथ भी बैठक की उन्होंने कहा की छोटी सी भी भूल बहुत बड़ी हो सकती है। इसलिए चुनाव आयोग द्वारा दिए गए सभी निदेर्शों की पालना करते हुए उनके अनुरूप ही जोनल मजिस्ट्रेट ,सेक्टर सुपरवाइजर ,माइक्रो आब्जर्वर और पोलिंग पार्टि कार्य करें। मास्टर ट्रेनर नरेंद्र कुमार ,सुरेंद्र सिंह ,हरीश ,राम अवतार ने चुनाव की बारीकियां को पोलिंग पार्टियों को विस्तार पूर्वक बताया। मास्टर ट्रेनर हरिश्चंद्र ने कहा मतदान से पहले मॉक पोल करना है और मॉक पोल के बाद क्लियर करना ना भूले चुनाव को पारदर्शी तरीका से करें । सील करके एजेंट के हस्ताक्षर भी करवा कर मतदान करवाना है

## नवरात्रों की शुरूआत में ही गड़बड़ाया ट्रेनों का परिचालन, स्टेशन पर 2 से 4 घंटे देरी से पहुंचीं

**सोनीपत :** त्यौहारी सीजन को देखते हुए भले ही रेलवे ने स्पैशल ट्रेनों की यात्रियों को सौगात दी है, लेकिन नवरात्र शुरू होते ही ट्रेनों का परिचालन गड़बड़ा गया है। स्थिति यह है वीरवार को लंबी दूरी का सफर तय करने वाली एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से 2 से 4 घंटे की देरी से पहुंचीं, जिसके चलते यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा है। दुर्गा पूजा, दीवाली पर्व व छठ पूजा सहित कई त्यौहारों को उत्तर भारत में काफी माना जाता है। ऐसे में हर कोई इन त्यौहार को अपनों के बीच मनाने जाता है। अपनों के बीच जाने के लिए वह ट्रेनों में सफर करना आरामदायक समझता



है, लेकिन त्यौहारी सीजन पर ट्रेनों में भीड़ की स्थिति हो जाती है। भीड़ में यात्रियों को परेशानी न हो उसके लिए रेलवे स्पैशल ट्रेनों का परिचालन करता है। रेलवे ने स्पैशल ट्रेनों का परिचालन तो कर दिया है, लेकिन दिल्ली-अम्बाला रेलमार्ग पर पहले से ही परिचालन हो रही ट्रेनों के परिचालन पर काफी असर पड़ रहा है। मालवा सुपरफास्ट एक्सप्रैस जैसी ट्रेन अपने निर्धारित समय से 4 घंटे की देरी से चल रही है तो वहीं पैसेंजर ट्रेन 1 घंटे की देरी से स्टेशन पर पहुंची।

दिल्ली-अम्बाला रेलमार्ग पर ट्रेनों की लेटलतीफी जारी है। एक्सप्रैस ट्रेन में अपने निर्धारित समय से काफी देरी से चल रही हैं। 04452 कुरुक्षेत्र-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन 1 घंटा, 12926 पश्चिम सुपरफास्ट 2 घंटे, 15708 आम्रपाली एक्सप्रैस 2 घंटे 50 मिनट, 22430 दिल्ली सुपरफास्ट 2 घंटे 20 मिनट, 12920 मालवा एक्सप्रैस 4 घंटे की देरी से चली। एक्सप्रैस ट्रेनों के देरी से चलने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

## सिरसा में पोलिंग पार्टियों हुई रवाना, 996 पोलिंग बूथ पर कल होगी वोटिंग

**सिरसा :** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सिरसा जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है प्रशासन की तरफ से सिरसा जिला की पांचों विधानसभा ऐलनाबाद ,कालांवाली ,रानियां ,डबवाली व सिरसा के लिए पोलिंग पार्टियों रवाना कर दी गई है। पोलिंग को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं जिसके तहत 2500 पुलिस कर्मचारियों के साथ अर्धसैनिक बल सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे । वही बॉर्डर एरिया को लेकर 16 नाके लगाए गए हैं जहां जिला में आने जाने वाली गाड़ियों की चेकिंग की जाएगी। पोलिंग को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से 996 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं जिसमें 10 लाख 60115 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे वहीं पहली बार वोट पोल करने वालों की संख्या 25138 है। सुरक्षा को लेकर पुलिस की तरफ से 40 पेट्रोलिंग पार्टियां लगाई गई है जो 24 घंटे पूरे जिले की निगरानी करेगी। ऐलनाबाद के एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि पोलिंग को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है और पोलिंग एजेंट को ईवीएम मशीन देकर रवाना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर बूथ की वेब कास्टिंग की जाएगी और सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जाएगें वहीं उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पोलिंग करवाने के लिए आम लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है ।

# निष्पक्ष व पारदर्शी वातावरण में मतदान संपन्न करवाएं-डीसी

## दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए दीं व्हील चेयर

**गुरूग्राम,** । विधानसभा चुनाव-24 के लिए शुक्रवार को जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर से ईवीएम मशीन और मतदान सामग्री देकर पोलिंग पार्टियों को पुलिस सुरक्षा में बूथ के लिए रवाना किया गया। जिला के 1507 मतदान केंद्रों के लिए आज सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथ पर पहुंच गई हैं। शनिवार को सुबह 7 बजे इन सभी मतदान केंद्रों पर वोटिंग शुरू हो जाएंगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने चारों हलकों की पोलिंग पार्टियों को समझाया कि पोलिंग पार्टी व बूथ पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को बूथ पर ही रूकना है। कोई कर्मचारी बूथ छोड़कर नहीं जाएगा। पीठासीन अधिकारी सबसे पहले मतदान केंद्र पर जाकर अपने बूथ को सेट-अप करेंगे। सुबह 5.30 बजे मॉकपोल शुरू होगा। जिन मतदान केंद्रों पर महिला कर्मचारियों की ड्यूटी है, वे सुबह मॉकपोल शुरू होने से पहले बूथ पर पहुंच जाएं। मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम मशीनें और आवश्यक फार्म वापस कालेज परिसर में जमा होंगे। पोलिंग पार्टी जिस बस में गई थी, उसी बस में वापस आएगी। डीसी ने कहा कि पोलिंग पार्टियों के लिए कल रात तक भोजन की व्यवस्था कर दी गई है। कालेज परिसर में आज सुबह आठ बजे पटौदी, बादशाहपुर, सोहना व गुडगांव विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां पहुंचनी शुरू हो गई थीं। बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के पांडाल में निर्वाचन अधिकारी



अंकित कुमार चौकसे, सोहना हलके के पांडाल में एसडीएम होशियार सिंह, गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के पांडाल में एसडीएम रविंद्र कुमार तथा पटौदी विधानसभा क्षेत्र के पांडाल में एसडीएम दिनेश लुहाच ने पोलिंग पार्टियों को मतदान प्रक्रिया के आवश्यक बिंदुओं को विस्तार से समझाया।

उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र के अंदर कोई भी वोटर अपना मोबाइल फोन लेकर नहीं आएगा। हर एक मतदाता की वोटर आईडी या भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मान्य 13 आईडी देखकर ही उनको वोट डालने की अनुमति दी जाए। मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में अवश्य होना चाहिए। वोटिंग के समय वोटिंग कंपार्टमेंट में केवल वोटर ही अंदर जाएगा, उसके साथ अन्य कोई व्यक्ति नहीं होना चाहिए। पांडाल में एलईडी स्क्रीन पर कर्मचारियों को ईवीएम तथा वीवीपैट मशीन को चलाने की ट्रेनिंग दी गई। एक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी के साथ एक एपीओ व दो पोलिंग ऑफिसर शामिल हैं।

पीठासीन अधिकारियों को बताया गया कि वे अपनी डायरी व फार्मों को ध्यान से भरें। पीठासीन अधिकारी नए पीएस 05 फार्म अवश्य भरकर लाएं। दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए पोलिंग पार्टियों को व्हील चेयर भी दी गईं हैं। शाम को सैक्टर ऑफिसरों ने पोलिंग पार्टियों के बूथ पर पहुंच जाने के बारे में रिपोर्ट ली। इस अवसर पर मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव, तहसीलदार गुलाब सिंह, गुरदेव सिंह, नायब तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, सीएसआर ट्रस्ट के एडिशनल सीईओ गौरव सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# इलेक्शन का काउंटडाउन : पटौदी विधानसभा से एक महिला का विधायक चुना जाना निश्चित

## 2024 की महिला विधायक जिला गुरुग्राम की दूसरी महिला विधायक होगी

### जिला गुरुग्राम से दो महिला विधायक की संभावना से नहीं इनकार

समाचार गेट/ब्यूरो

**गुरुग्राम।** शनिवार 5 अक्टूबर को प्रजातंत्र के सबसे बड़े पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदाताओं के द्वारा अपने-अपने जनप्रतिनिधियों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद 8 अक्टूबर को मतगणना के बाद ही स्पष्ट होगा, जनता जनार्दन के द्वारा अपना जनप्रतिनिधि चुना जाने के लिए किस उम्मीदवार को पसंद करते हुए प्राथमिकता प्रदान की है।

मतदान प्रक्रिया 5 अक्टूबर शनिवार को सुबह आरंभ होकर शाम को लॉक होने के बाद 8 अक्टूबर को मतगणना समाप्त होने के साथ ही पूरी तरह अनलॉक हो जाएगी। हरियाणा के इतिहास में जिला गुरुग्राम जिसे की साइबर सिटी भी कहा जा रहा है, यह हर मामले में देश और दुनिया में जिज्ञासा का विषय बना रहता है। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में भी इस बात को लेकर प्रबल जिज्ञासा आम जनमानस में बनी है कि जिला गुरुग्राम से 2024 में आरंभ होने वाली हरियाणा विधानसभा में महिला विधायकों की कितनी संख्या हो सकती है ? जिला गुरुग्राम के पटौदी आरक्षित विधानसभा सीट से 2014 में भाजपा की टिकट से चुनाव जीतने वाली विमला चौधरी पटौदी विधानसभा और जिला गुरुग्राम की पहली महिला विधायक के रूप में अपना





नाम दर्ज करवाने में सफल रही है। लेकिन 2019 में वह भाजपा का टिकट प्राप्त नहीं कर सकी तथा भाजपा के द्वारा पटौदी से सत्य प्रकाश को उम्मीदवार बनाया गया।

वर्ष 2024 में हालात ऐसे बन गए की जिला गुरुग्राम की पटौदी विधानसभा सीट से मुख्य प्रतिद्वंद्वी पॉलीटिकल पार्टी भाजपा के द्वारा एक बार फिर से पूर्व विधायक विमला चौधरी तथा कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपने ही पूर्व विधायक भूपेंद्र चौधरी की पुत्री सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट पर्ल चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया है। पूरे हरियाणा में चर्चा के मुताबिक पटौदी में भी मुख्य मुकाबला इन दोनों ही महिला उम्मीदवारों के बीच में बना हुआ है। पटौदी में कुल वोटर संख्या 254780 है। इसमें से 132832 पुरुष और एक लाख 21946 महिला मतदाता है। दोनों उम्मीदवार विमला चौधरी तथा पर्ल चौधरी को लेकर जो मुख्य मुद्दा चुनाव में बना है, उसको देखते हुए इस बात से इनकार नहीं की शनिवार 5 अक्टूबर को पटौदी विधानसभा क्षेत्र में महिला मतदाताओं के द्वारा अपनी पसंद की विधायक का चुनाव किया जाने में उम्मीद से अधिक मतदान किया जा सकता है। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान दोनों महिला उम्मीदवारों को लेकर महिला वर्ग के बीच में एक अलग ही प्रकार का उत्साह भी दिखाई दिया है।

अब ध्यान देते हैं बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र की तरफ से भी क्या महिला उम्मीदवार कुमुदिनी राकेश दौलताबाद पुरुष उम्मीदवारों के लिए चर्चाओं के मुताबिक चुनौती बनी हुई है। बादशाहपुर के ही विधायक स्वर्गीय राकेश दौलताबाद की धर्मपत्नी कुमुदिनी राकेश दौलताबाद पति की राजनीतिक विरासत के माध्यम से जन सेवा का संकल्प लेकर चुनावी मैदान में है। यहीं से अनुभवी राजनेता और पूर्व मंत्री भाजपा की तरफ से राव नरबीर सिंह तथा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार की दौड़ में शामिल रहे युवा कांग्रेस नेता वर्धन यादव के बीच में भी मुकाबला ठहराया गया है। बादशाहपुर मतदाता संख्या के अनुसार सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र जिला गुरुग्राम का है। यहां पर 275 279 पुरुष तथा 245662 महिला मतदाता के द्वारा अपने विधायक के चुनाव का शनिवार को फैसला लॉक कर दिया जाएगा।

रोचक बात यही है कि कुल 520 958 मतदाताओं के बीच में से कितने मतदाताओं के द्वारा किस उम्मीदवार को अपना विधायक चुनाव जाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में पसंद का बटन दबाया जाएगा? लेकिन जिज्ञासा लोगों के मुताबिक बादशाहपुर से चुनावी मैदान में बादशाहपुर के ही पूर्व विधायक स्वर्गीय राकेश दौलताबाद की धर्मपत्नी राकेश दौलताबाद के द्वारा राजनीतिक चुनौती को लेकर जिज्ञासा बनी हुई है। अब यह भविष्य के गर्भ में है कि जिला गुरुग्राम से हरियाणा की राजनीति के इतिहास में जिला गुरुग्राम से दो महिला विधायक या फिर एक महिला विधायक हरियाणा विधानसभा में अपना नाम दर्ज करवाने में सफल रहेगी। इसका फैसला 8 अक्टूबर मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन अनलॉक होने पर वोटो की गिनती के बाद सभी के सामने होगा।

# कुरुक्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता मुनीष रोड पर जानलेवा हमला, तोड़ी दोनों टांगें

### गुंडागर्दी के खिलाफ कांग्रेसियों ने अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में किया प्रदर्शन।

### घायल युवक ने लगाया भाजपा विधायक के पुत्र साहिल सुधा पर हमला करने का आरोप।




समाचार गेट/ब्यूरो

**कुरुक्षेत्र।** गत देर रात्रि कांग्रेस कार्यकर्ता मुनीष रोड पर बिंडों से हमला कर दिया गया। जिसमें युवक मुनीष की दोनों टांगें तोड दी व गाडी को भी चकनाचूर कर दिया। इतना ही नही हमलावर मुनीष का मोबाईल व गाड़ी की चाबी भी लेकर फरार हो गए। मामले में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में शहर में बढ रही गुंडागर्दी के खिलाफ लघु सचिवालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया व उपायुक्त राजेश जोगपाल व पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला से मुलाकात की। उन्होने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ तुरंत मुकदमा दर्ज करके उन्हे गिरफ्तार किया जाए। अशोक अरोड़ा ने आरोप लगाया कि पुलिस के ढुलमुल रवैये के कारण शहर में गुंडागर्दी बढ रही है। गत देर रात्रि अमीन रोड पर मुनीष रोड पर दर्जनों गुंडों ने जानलेवा हमला कर दिया और उसकी दोनो टांगे तोड दी। इसी प्रकार इससे पहले कैलाश नगर में एक पूर्व पार्षद पर भी जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया।

अशोक अरोड़ा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी अपनी हार को देखते हुए बौखला गए हैं और ओच्छे हथकंडों पर उतर आए हैं। कांग्रेस का समर्थन करने वाले कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमले किए जा रहे हैं और उन्हे धमकाया जा रहा हैं। अरोड़ा ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्याशी द्वारा चुनावी माहौल बिगाडने के उद्देश्य से किराए पर सैंकडों गुंडे बाहर से बुलाए गए हैं, जो सरेआम धमकियां दे रहे हैं और कांग्रेस समर्थकों पर हमले कर रह हैं। पुलिस अधीक्षक को बार बार शिकायत करने के बावजूद भी पुलिस कोई कार्रवाद नही कर रही। उन्होने चेतावनी दी कि यदि गुंडातत्वों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की तो उसके गंभीर परिणाम होंगें। उन्होने कांग्रेस कार्यर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की।

**घायल युवक ने लगाया भाजपा प्रत्याशी के पुत्र साहिल सुधा पर आरोप**

हमले में घायल युवक मुनीष रोड का विडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें उसने आरोप लगाया कि देर रात्रि वह अपनी गाडी में घर की ओर जा रहा था। अमीन रोड पर भाजपा प्रत्याशी के पुत्र साहिल सुधा और उसके साथ अन्य लगभग 15 युवकों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में उसकी दोनो टांगें तोड दी गई व उसकी कार भी बिंडो से चकनाचूर कर दी। हमलावर उसका मोबाईल व गाडी की चाबी भी साथ ले गए। हमले के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उसे अस्पताल पहुंचाया। मुनीष एक प्राईवेट अस्पताल में उपचाराधीन है। उसकी दोनो टांगों में फ्रेक्चर है। घटना की सचूना मिलते ही अशोक अरोडा व उसके समर्थक अस्पताल पहुंचे।

**बिना नंबर की गाडियां घूम रही शहर में, पुलिस साधे बैठी चुप्पी**

कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से बिना नंबर की गाडियों में सवार गुंडातत्व धमकियां देते घुम रहे हैं लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नही कर रही। अरोड़ा के अनुसार पुलिस अधीक्षक व उपायुक्त ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके तुरंत कार्रवाई की जाएगी और चुनाव को देखते हुए नाकों पर पुलिस मुस्तैद कर दी गई है। एसपी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को नही बख्शा जाएगा।

# पांच साल, पांच बार दलबदल



समाचार गेट/ब्यूरो

–हे संजय! आ गये तुम?

–जी महाराज धृतराष्ट्र, आ गया आपकी सेवा में क्योंकि मैं भी हस्तिनापुर से बंधा हूं।

–तुम भी भीष्म पितामह जैसी बात कह रहे हो वत्स! पर चुनाव महाभारत के बारे में मेरी उत्सुकता को शांत करो!

–महाराज! कल चुनाव प्रचार के रथ थम गये और अंतिम दिवस पर सभी प्रत्याशियों ने रोड शो में जमकर शक्ति प्रदर्शन किये! इतने कि जो पथ पहले से टूटे फूटे थे, वे और टूट गये!

–ये रोड शो क्या होता है, संजय?

–महाराज! ये रोड शो राजनीति श्रीमती सोनिया गांधी की देन हैं!

–वह कैसे वत्स?

–आप जानते ही हैं महाराज कि श्रीमती सोनिया गांधी विदेशी महिला हैं। बेशक वे श्रीमती मेनका गांधी से ज्यादा भारतीय संस्कृति में विश्वास रखती हैं हिंदी को भी अपनाया और सीखा, फिर भी उनकी हिंदी विदेशी होने के चलते धारावाहिक प्रवाह वाली नहीं रही कभी। इसलिए उनके लिए रोड शो शुरू किये गये, जिससे प्रजा उनके दर्शन मात्र से कांग्रेस से भावनात्मक रूप से जुड़ जाये और ऐसा हुआ भी। उनके रोड शो कांग्रेस को रोड से सिंहासन तक ले आये!

–अच्छा। अब समझा। सिर्फ दर्शन मात्र देने को ही रोड शो कहते हैं, वत्स! अब कुछ नयी जानकारी दो!

–महाराज! भाजपा की ओर से अभी दो तीन माह पहले सिरसा से चुनाव लड़ने वाले अशोक तंवर फिर से भाजपा छोड़कर कांग्रेस का हाथ थामने राहुल गांधी की जनसभा में पहुंच गये!

–अरे ऐसे किया अशोक तंवर ने?

–जी महाराज! तंवर ने पिछले पांच साल में पांच दल बदल बदल कर नया कीर्तिमान अपने नाम कर लिया।

–कौन कौन से दल वत्स?

–महाराज कांग्रेस से रूष्ठ होकर अशोक तंवर ने स्वयं एक राजनीतिक दल का गठन किया। फिर तृणमूल कांग्रेस में दीदी ममता बनर्जी की स्नेह छाया में कुछ समय रहने के बाद आप और अरविंद केजरीवाल के संग कुछ समय बिताया। आखिर भाजपा का कमल भी थामा लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि अशोक तंवर का वहां भी मान सम्मान कम रह गया और आखिरकार राहुल गांधी और उनके दल में पहुंच कर ही राहत की सांस ली! एक घंटा पहले तक भाजपा के मंच पर प्रचार कर रहे थे वे महाराज!

–अच्छा! हरियाणा आज भी दलबदल में सर्वश्रेष्ठ है, इससे कोई किसी तरह भी स्पर्धा नहीं कर सकता, संजय! यह आयाराम गयाराम की पवित्र पावन धरती है! कोई प्रतिक्रिया?

–अपने दाढ़ी वाले बाबा ने कहा न कि अशोक तंवर तो प्रवासी पक्षी हैं, मौसम के अनुसार कहीं भी उड़ सकते हैं!

–इससे कांग्रेस को क्या मिला?

–महाराज! भाजपा पर अंतिम दिन प्रहार कर दलित राजनीति को साधने का प्रयास और सुश्री सैलजा को संदेश कि दलित चेहरा वे अकेली नहीं हैं, कोई दूसरा भी हो सकता है!

–अच्छा, हर दल के भीतर भी एक विभाजन रेखा रहती है!

–जी महाराज! ऐसा ही चलन है, ऐसी ही राजनीति है!

–कुछ भाजपा शिविर की गतिविधियों की जानकारी भी दो न!

–महाराज! चुनाव प्रचार तो समाप्त हो गया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियां समस्त होने का नाम नहीं ले रहीं।

–अब कौन सी नयी गारंटी दे डाली?

–गारंटी तो क्या महाराज, इसे कांग्रेस पर आखिरी वार प्रहार कह सकते हैं आप!

–क्या प्रहार किया?

–महाराज प्रधानमंत्री मोदी कह रहे हैं कि जातिवाद और भ्रष्टाचार कांग्रेस की गारंटियां हैं!

–अच्छा ऐसे कहा!

–जी महाराज!

–लेकिन सुना है कि राहुल गांधी मोहब्बत की गारंटी दे रहा है!

–जी, महाराज राहुल का संदेश मोहब्बत है, जहां तक पहुंचे!

–किसी और शिविर की कोई जानकारी?

–महाराज! नयी दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री आतिशी भी हरियाणा में आई!

–वे किसके लिए?

–बरवाला में आप प्रत्याशी प्रो छत्रपाल के लिए!

–लोकसभा चुनाव तक तो भाजपा में थे, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अपने निवास पर जलपान पर भी आमंत्रित किया था!

–जी महाराज आपकी जानकारी सत्य पर आधारित है। प्रो छत्रपाल ने भी दलबदल में कम कीर्तिमान नहीं बनाये!

–ठीक है संजय! प्रचार समाप्त हो गया लेकिन अभी परिणाम तक आते रहना!

–जी आज के लिये विदा लेता हूं आपसे महाराज!

–जाओ वत्स!

# मैं भविष्य में राजनीति ही करना चाहती हूँ : रेणु चहल



समाचार गेट/ब्यूरो

मैं भविष्य में राजनीति ही करना चाहती हूं और आदमपुर से चुनाव लड़ रही थी निर्दलीय लेकिन मेरे समर्थकों ने कहा कि भव्य को हराना है तो कांग्रेस का हाथ थाम लो! मैंने समर्थकों का कहना मान लिया और चुनाव मैदान से हट गयी। यह कहना है बालसमंद की निवासी व आजकल चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में कानून की पढ़ाई कर रही रेणु चहल का।

मैं आपको बता दूं कि लगभग दो साल पहले आदमपुर के उपचुनाव के दिनों में पहली बार बालसमंद में रेणु के घर पर ही मुलाकात हुई थी, उन दिनों वह आप पार्टी में थी और उसके प्रत्याशी के लिए कड़ी मेहनत कर रही थी।

**आप पार्टी क्यों छोड़ दी रेणु?**

–सर! मैं पूरी तरह आशवस्त थी कि मेरी सक्रियता को देखते हुए पार्टी मुझे ही टिकट देगी लेकिन टिकट दी भूपेंद्र बेनीवाल को, जो आदमपुर का रहने वाला जरूर है लेकिन रहता चंडीगढ़ में है। फिर लोगों को क्या मिला? भव्य दिल्ली रहता है और हमारा प्रत्याशी चंडीगढ़ रहता है। मैंने इस बात पर आपत्ति जताई, अध्यक्ष सुशील गुप्ता और प्रवक्ता अनुराग ढांडा से पूछा लेकिन वे मुझे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। मैं निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर गयी लेकिन समर्थकों के कहने पर कांग्रेस में शामिल हो गयी।

**भव्य बिश्नोई से क्या नाराजगी है?**

–निजी तौर पर कोई नाराज़गी नहीं लेकिन मैं आदमपुर का विकास चाहती हूँ और ये आदमपुर के विकास के लिए कुछ नहीं कर रहे! इसीलिए इनको हराने के लिए मैंने कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रप्रकाश का साथ देने का फैसला किया।

**बालसमंद के गवर्नमेंट कॉलेज में किन गतिविधियों में भाग लेती रही?**

–मैं कॉलेज छात्र यूनियन की प्रेजीडेंट थी और कबड्डी खिलाड़ी लेकिन चोट लग जाने से कबड्डी से संन्यास लेना पड़ा और मैं राजनीति में सक्रिय हो गयी, आप पार्टी से उम्मीदें थीं लेकिन वह भी धूमिल हो गयीं।

**अब चंद्रप्रकाश व कांग्रेस सम्मान दे रही है?**



–पूरा सम्मान मिल रहा है कांग्रेस में। मेरी एक मीटिंग सांसद दीपेंद्र हुड्डा से भी करवाई गयी।

**भविष्य का लक्ष्य?**

–चुनाव की राजनीति करूंगी!

हमारी शुभकामनाएं रेणु चहल को!

# दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केंद्र तक न हो असुविधा : रेडक्रॉस सोसायटी

## सभी मतदान केंद्रों में 316 व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई

समाचार गेट/ब्यूरो

**गुरुग्राम।** दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केंद्र में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो उसी उद्देश्य से आज जिला रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से उपायुक्त निशांत कुमार यादव के आदेश एवं अतिरिक्त उपायुक्त एवं प्रधान हितेश कुमार मीणा के दिशा निर्देशन तथा सचिव विकास कुमार के नेतृत्व में जिला गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में 316 व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई गई।



जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के आदेशों की पालना में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा विधानसभा क्षेत्र के बादशाहपुर में 47, पटौदी में 79, गुरुग्राम में 110 तथा सोहना विधानसभा क्षेत्र में 80 व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई। उन्होंने आगे बताया कि इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन के आदेश उपरांत पिक एंड ड्रॉप की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जिसके लिए उपायुक्त द्वारा जिला प्रशिक्षण अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जिसकी देखरेख में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अन्य कर्मचारी व वॉलिंटियर्स विभिन्न स्थानों से दिव्यांग जनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को घर से लेकर मतदान केंद्र तक पहुंचाएंगे एवं उन्हें वापस घर छोड़ेंगे।

जिला प्रशिक्षण अधिकारी जितिन शर्मा ने बताया कि इस कार्य के लिए उनके द्वारा विभिन्न टीम बनाई गई है जिसमें विक्रम भटनागर, अतुल पराशर, आकांक्षा, श्यामा राजपूत, कविता सरकार, प्रोमिला, सुषमा, रोहितास शर्मा, विनीता पीटर, राकेश, नरेंद्र आदि नियुक्त किए गए हैं।

# 5 अक्टूबर को रहेगा पेड हॉलिडे : जिला निर्वाचन अधिकारी

समाचार गेट/ब्यूरो

**गुरुग्राम।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार, 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर राज्य सरकार के अधीनस्थ सभी विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में पेड होली डे रहेगा। साथ ही हरियाणा प्रदेश की सीमा से लगते दिल्ली व अन्य राज्य में काम करने वाले हरियाणा के मतदाताओं का भी पेड हॉलिडे रहेगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने दी।



जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 (संशोधित 8/1996) के सेक्शन 135बी के तहत सभी फैक्ट्रियों, प्राइवेट व्यवसायिक संस्थानों, दुकानों आदि में भी इस दिन कर्मचारियों के लिए पेड होली डे रहेगा ताकि कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी कर सकें। उन्होंने पात्र मतदाताओं से पांच अक्टूबर को होने वाले चुनाव में बढ़ चढ़ कर मतदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दिन जिला की सीमा से लगते दिल्ली में स्थित उद्योगों को भी वहां कार्यरत जिला गुरुग्राम के कर्मचारियों, जिनका जिला की मतदाता सूची में पंजीकृत हैं, को भी सह वेतन अवकाश देने के निर्देश दिए हैं। इस संदर्भ में श्रम विभाग के अधिकारियों की ओर से सभी औद्योगिक संस्थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।



# जब हो चेहरे पर स्टाइलिश

**मैटेलिक मेकअप** – आजकल फैशन में मैटेलिक मेकअप है, इसमें पूरे चेहरे पर मैटेलिक गोल्ड, सिल्वर और कॉपर रंगों पर प्रयोग किया जाता है। मेकअप करते समय सबसे पहले चेहरे पर वाटरप्रूफ बेस लगाया जाता है ताकि चेहरे पर मेकअप लंबे समय तक बरकरार रहे। फिर आपके रंग को ध्यान में रख कर मैटेलिक मेकअप लगाया जाता है। इसमें ब्राइट कलर का ही अधिक प्रयोग किया जाता है। मैटेलिक मेकअप लेट नाइट पार्टियों में ज्यादा फबता है क्योंकि इसमें चेहरा एकदम शाइनी लुक देता है।

**सिलिकॉन मेकअप** – सिलिकॉन अभी नया मेकअप लुक है, जिसमें चेहरे पर सिलिकॉन प्रोडक्ट का इस्तेमाल किया जाता है। यह मेकअप उन युवतियों के लिए अच्छा है, जिनकी ड्राई स्किन है, इसमें चेहरे पर लिक्विड स्प्रे किया जाता है। फिर चेहरे पर माइक्रो फाउंडेशन लगाया जाता है। अधितर भारतीय युवतियों की स्किन तैलीय है, इसलिए सिलिकॉन मेकअप बेहतर ऑप्शन है, जिसमें आप अपने चेहरे को नया लुक दे सकती हैं। इस मेकअप में चेहरे पर सबसे पहले मैट मेकअप किया जाता है, फिर उसके ऊपर शाइनिंग लुक दिया जाता है। यह मेकअप वाटरप्रूफ है, इसलिए आराम से 15–17 घंटे तक आपकी खूबसूरती बरकरार रहती है।

**ईवनिंग मेकअप**– ईवनिंग पार्टी हो और आप का मेकअप हो नेचुरल तो रंग कुछ फीका लगेगा। ऐसी पार्टी में मेकअप कैजुअल पार्टी से डिफरेंट होना चाहिए। यानी मेकअप ऐसा करें जो आपको ग्लैमरस लुक दे। ईवनिंग पार्टी के लिए मेकअप में ब्राइट व ग्लासी शेड्स वाले प्रसाधनों का इस्तेमाल करें। जब भी मेकअप करें तो पहले चेहरे को अच्छी तरह साफ कर लें और बेस के रूप में चेहरे की कंसीलिंग करें। कंसीलर त्वचा की रंगत से मेलखाता होना चाहिए। उसके बाद आई मेकअप करें। हाई लाइटनर के तौर पर गोल्ड व सिल्वर शैडो को मिक्स कर आंखों की ऊपरी तरफ ब्लेंड करें। ब्लैक आईशैडो का बेस आईलिड पर लगाएं। उसके बाद ड्रेस से मैचिंग आईशैडो जैसे ब्राउन व पिंक क्रीज व ब्रो पर लगाएं। शैडो का टच निचली आईलिड पर भी दें। अगर पलके घनी नहीं है, तो फाल्स आईलैशेज लगाएं और उस पर मसकारा लगाएं। चिकबोन पर लाइट पिंक ब्लशर का टच दें। होंठों पर पहले लिपब्रश की मदद से डार्क आउटलाइनिंग बनाएं फिर क्रीमी लिपस्टिक लगाएं और चमक के लिए होंठों के मध्य में लिपग्लास का टच दें। हो गया आपका ईवनिंग मेकअप तैयार। पार्टी से लौटने के बाद मेकअप रिमूव करना न भूलें।

**डिस्को मेकअप** – डिस्कोथेक में जाने के लिए आपका मेकअप होना चाहिए लांग स्टे और परफेक्ट क्योंकि वहां लाइटिंग बहुत ज्यादा होती है। इसलिए मेकअप जितना भड़कीला व चमकीला होगा, अदाएं भी उतनी ही मोहक लगेंगी। ऐसी वेस्टर्न ड्रेसज सलेक्ट करें जोकि सेक्सी लुक दें। जिनके कलर्स डार्क हों, सीक्वेंस व बीड्स वर्क किया गया हो, साथ ही स्टोल या फर आढ़ा जा सके।

शिमरी, ग्लासी मेकअप आजकल ट्रेंड में है इसलिए आंखों और होंठों के मेकअप को खासकर हाईलाइट करें। हेयरस्टाइल चेंज लाने के लिए विग, कलर स्ट्रिक्स या हेयर एक्सटेंशन करा सकती हैं। शोल्डर, आर्मलेट व बैक पर बने बॉडी टैटू देंगे यूनीक लुक।

**रैम्प मेकअप**– आजकल फैशन में रैम्प मेकअप है, इसमें मेकअप को इस तरह किया जाता है, जैसा कि रैम्प पर चलने वाली मॉडल करती हैं। रैम्प मेकअप फैंटेसी मेकअप का दूसरा नाम है। अगर आप ने क्रिएटिव ड्रेस पहनी है, तो आप वाइल्ड लुक जैसा मेकअप कर सकती है। वह भी नीट होना चाहिए। फूहड़ता से दिया गया कोई भी लुक भद्दा ही लगेगा। मौसम को ध्यान रखते हुए समर में पेस्टल या सॉफ्ट लुक ही होना चाहिए। विंटर कलेक्शन में डार्क मेकअप और हॉट कलर ही इस्तेमाल करें। अगर कपड़े पारंपरिक है, तो लुक भी क्लासिक व स्टाइलिश होना चाहिए। अगर रात को पार्टी में जा रही है, तो ब्राइट, ग्लौसी व शाइनी मेकअप कर सकती हैं।

वैसे आजकल ग्लौसी व शाइनी मेकअप फैशन में है। हैवी आईमेकअप के बाद लिप कलर हल्का होना चाहिए। यदि दोनों पर गहरा रंग लगाना हो तो आंखों को डार्क आईशैडो से डिफाइन करके लाइट शेड से हाईलाइट करें और मैचिंग की लिपस्टिक लगा कर ग्लौस लगाएं। ऐसे में ब्लश भी थोड़ा डार्क ही होना चाहिए ताकि फीचर अलग-अलग डिफाइन हो सकें। शैडो लगाने के बाद काजल पेंसिल से पलकों पर लाइनर लगाएं और कॉटन बड से हलका सा मिक्स करें। इससे आंखें बड़ी व सुंदर लगती हैं।

# सिर्फ मां क्यों बने बेस्ट फ्रेंड

**पेरेंटिंग** कठिन काम है, पर सच्चाई भी है कि टीनएज मुश्किल दौर है। इस उम्र में बच्चों को स्पेशल केयर की जरूरत होती है। वैसे, कहा जाता है कि पेरेंटिंग लंबी प्रक्रिया है। इसके पहले चरण में पेरेंट्स को सबसे ज्यादा जिम्मेदार बनना पड़ता है। दूसरे चरण में चुनौती और भी बढ़ जाती है, क्योंकि आपको अपने टीनएज बच्चे को स्वतंत्रता देते हुए नजर रखनी होती है। यदि आप ऐसा करने में सफल हो जाती हैं, तो आपके और बच्चे के बीच कभी दूरी नहीं पैदा होगी। आप कब उसकी मां से बेस्ट फ्रेंड बन जाएंगी, आपको भी पता नहीं चलेगा।

- मॉडर्न बनना और इसके लिए अपने बच्चे को कुछ हद तक स्वतंत्रता देना तो ठीक है, पर उसे खुली छूट देना अच्छा नहीं है। यदि बच्चा दी गई छूट का गलत फायदा नहीं उठा रहा है, तो उसे जरूर छूट दें। नियम-कायदे में थोड़ा-बहुत बदलाव करती रहें।
- इस उम्र में बच्चे और पेरेंट्स के बीच कम्यूनिकेशन गैप आ जाता है, इसलिए आप जितना बोलती हैं, उससे दोगुना बच्चे की बात भी सुनें। यदि आप उसकी बातें सुनना बंद कर देंगी, तो वह पूरी तरह से आपसे कट जाएगा।
- स्कूल के दिनों को याद करें। ऐसा करने से धैर्य-क्षमता बढ़ेगी। जब आप अपने बच्चे की स्थिति को बेहतर तरीके से समझ पाएंगी तो उसे बेहतर तरीके से डील कर सकेंगी।
- अपने बच्चे की पढ़ाई में सहयोग करें। अमूमन, जब बच्चे छोटे होते हैं, तो पेरेंट्स उनकी पढ़ाई-लिखाई में अपनी सक्रियता दिखाते हैं, पर बाद में ऐसी स्थिति नहीं रहती। अगर आप अपने बच्चे की पढ़ाई में अपना सहयोग जारी रखेंगे, तो इससे आपको पता रहेगा कि उसकी जिंदगी में क्या चल रहा है।
- टीचर से मिलते रहें। टीचर से बच्चे को आपको सही गाइडेंस तो मिलेगी ही, साथ ही यदि बच्चे के व्यवहार में बदलाव आ रहा है, तो यह भी पता चल जाएगा।
- बच्चों को जन्म से ही सभी चीजों के बारे में मालूम नहीं होता, पेरेंट्स ही उन्हें इन चीजों के बारे में सिखाते हैं। टाइम मैनेज करना और इस तरह की अन्य लाइफ स्किल उन्हें सिखाना आपकी जिम्मेदारी है। आपकी मदद से वह जिंदगी की चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना कर पाएगा।
- अपने लाड़ले को दोस्ती करने के लिए प्रेरित करें। अच्छे दोस्त किसी टीनएजर के लिए बहुत जरूरी होते हैं, इसलिए अपने बच्चे से उसके दोस्तों को घर आमंत्रित करने के लिए कहें। ऐसा करने से आप अपने बच्चे के दोस्तों और कैसे लोगों के साथ समय बिताता है, जान पाएंगी।
- अपने बच्चे को यह महसूस करवाएं कि वह स्वभाव से स्पेशल है। ट्रेंडी कपड़े पहनने या स्टाइल को फॉलो करने से वह खास नहीं बन जाता। सभी विषयों पर उससे खुलकर बातें करें। ऐसा करने से वह किसी विषय पर आपसे बात करने में हिचकेगा नहीं और आप दोनों के रिश्ते के बीच पारदर्शिता कायम रहेगी।



# फैशन में फिर आया कफ्तान

**यह** तो आप ने सुना ही होगा कि फैशन दोबारा लौट कर आता है, फिर चाहे वह ज्वेलरी हो या कपड़े। 60 के दशक में हिप्पियो का खास परिधान 'कफ्तान' एक बार फिर लौट आया है। कफ्तान जहां पहले एथनिक ड्रेस के रूप में पहचाना जाता था, वहीं आज युवतियां इसे मॉडर्न ड्रेस के रूप में पसंद कर रही है। पहले यह पांव तक पहना जाता था पर अब इसका साइज छोटा हो गया है। कफ्तान बिलकुल ढीली-ढाली ड्रेस है, जो देखने में बहुत कुछ कुर्ती से मिलती जुलती है। बाजार में यह दो वेरायटी में मिल रहे हैं, जिसमें शॉर्ट और लॉन्ग कफ्तान है। शॉर्ट कफ्तान घुटने तक होता है, जिसे जींस, कैपरी या स्कर्ट के साथ पहना जा सकता है। वहीं लॉन्ग कफ्तान एड़ियों तक होता है, जिसे चूड़ीदार पायजामे के साथ पहना जाता है। फैशन डिजाइनर कविता भर्तिया कहती हैं कि आज कल युवतियां नए फैशन को बहुत अहमियत दे रही है, इसलिए बाजार में जो भी नया ट्रेंड आता है। वह उसे अपनाने से परहेज नहीं करती है। कफ्तान भी बहुत अलग तरह की ड्रेस है, जो युवतियों को भीड़ से अलग बनाता है क्योंकि यह फैशन एकदम नया है इसलिए अभी मेरे पास इतने ज्यादा कस्टमर तो नहीं आ रहे है, जो कफ्तान की डिमांड कर रहे हैं। मगर कुछ कॉलेज जाने वाली लड़कियों ने जरूर डिमांड की है।

अगर आप पार्टी वियर कफ्तान खरीदना या डिजाइन करवा रही है तो इस बात का ध्यान रखे कि यह थोड़ा शाइनी लुक में हो। इसके लिए आप सिल्वर या गोल्ड फैब्रिक का प्रयोग कर सकती हैं। अगर प्लेन फैब्रिक ले रहे है तो उस हैवी बीडेड वर्क या गोल्ड ब्रेड से वर्क करवा सकती हैं। अगर घर में पहनने के लिए कफ्तान ले रहे हैं तो मौसम को देखते हुए कॉटन और जॉर्जट फैब्रिक का ही कफ्तान खरीदें। अगर रंगों की बात की जाये तो डिजाइनर हल्के रंगों का ही ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं, जिसमें गुलाबी, पीच, सफेद और आसमानी रंग खास है। अगर कफ्तान पर किए गए, वर्क की बात की जाए तो इसमें आपको ढेरो वेरायटी देखी जा सकती है, जिसमें प्रिंटेड, एम्ब्रॉयडरी वर्क, स्टीकर वर्क फैशन में है। प्रिंटेड वर्क में वेजिटेबल पैटर्न वर्क कर सकते है जिसमें सब्जियों से छपाई की जाती है। एम्ब्रॉयडरी वर्क में लखनवी और क्रोशिया वर्क करवा सकते हैं, मगर ध्यान रखे कि पार्टी वियर कफ्तान बनाते समय रेशमी धागों का इस्तेमाल करें।



# भेलपूरी

**सामग्री :** 200 ग्राम कुरमुरा (बाजार में रेडीमेड उपलब्ध), आधा कप बारीक सेब, 1 प्याज बारीक कटा हुआ, 1 टेबलस्पून हरी धनिया बारीक कटी हुई, 1 टीस्पून हरी मिर्च बारीक कटी हुई, 1 टेबलस्पून हरी चटनी, 1 टेबलस्पून इमली-खजूर की चटनी, 2 टेबलस्पून उबले हुए आलू और नमक स्वादानुसार।

**विधि :** आलू को मसल लें। कुरमुरे में बारीक कटे हुए प्याज, हरी मिर्च, हरी चटनी, इमली-खजूर की मीठी चटनी और आलू डालकर अच्छी तरह से मिला लें, ऊपर से सेब और हरी धनिया डालकर सर्व करें।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

## काकुरो पहेली - 3311




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3310 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक पुस्तक व्यापारी कुछ किताबें खरीदने हेतु एक सप्ताह के लिए लखनऊ गया। उसे लखनऊ में ऊँची चीज मिल गई और उसका दिल वहीं रह गया। जब कई दिन फालतू लग गए तो उसने अपनी पत्नी को तार दिया– 'अभी खरीददारी जारी है अगले सप्ताह हम...।'

पत्नी पति को जानती थी। वह तुरंत समझ गई।

उसने वापसी में तार भेजा– तुरंत लौट आओ...! यदि कल शाम तक वापसी नहीं हुई तो वही बेचना शुरू कर दूँगी जो तुम खरीद रहे हो।


□ □ □

रमन के बड़े भैया नरेश पिछले कई महीनों से बहुत परेशान थे। वे रमन से बोले– छोटे! मैं बहुत परेशान हूँ। मेरी बीवी हमेशा अपने पुराने पति का जिक्र करके मुझे ताना देती रहती है।

रमन बोला– भैया! ये तो कुछ भी नहीं है। मेरी बीवी ने तो अभी से मुझे उसके अगले होने वाले पति का ताना देना शुरू कर दिया है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3311



**बायें से दायें:-**

१. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-३
३. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-३
५. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है वो' गीत वाली फिल्म-२
७. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-३
८. आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
९. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था-३
११. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
१२. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
१३. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-२
१४. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-३
१५. अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
१९. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-२
२३. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-३
२६. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-२
२९. चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-३
३१. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-२,३
३४. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-२
३५. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमृताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. पंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चींची वाला उल्लू' गीत वाली फिल्म-३
२. 'चंदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
३. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
६. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
१०. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-३
१२. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दूहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-३
१६. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-३
१८. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-४
२२. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-३
२४. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
२८. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-२
३०. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-२
३२. रितिक, करीना की 'ऐसी रे ऐसी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3310



## सूडोकु -3311


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3310 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली - 3311



**बाएं से दाएं**

1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(उर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.बीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**

1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरूर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

शब्द पहेली -3310 का हल



## अभिनेता गोविंदा अस्पताल से हुए डिस्चार्ज, प्रशंसकों का किया धन्यवाद



मुंबई। अभिनेता और शिवसेना नेता गोविंदा को शुक्रवार को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। गोविंदा एक हादसे का शिकार हो गए थे, जिसमें उनकी अपनी रिवॉल्वर से उनके पैर में गोली लग गई थी। अस्पताल में भर्ती होने के बाद गोविंदा की हालत स्थिर बनी रही, और उन्हें चिकित्सकों ने उपचार दिया। अस्पताल में रहते हुए उन्होंने अपने स्वास्थ्य के प्रति चिंता व्यक्त की और प्रशंसकों की प्रार्थनाओं के लिए आभार प्रकट किया है। अस्पताल से बाहर आते समय गोविंदा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं सभी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मेरे लिए दुआएं कीं। विशेष रूप से अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मेरे लिए इतनी दुआएं कीं। उनके प्यार के लिए मैं तहे दिल से उनका शुक्रगुजार हूं। गोविंदा को लेकर उनके प्रशंसक बहुत चिंतित थे । अब वह ठीक हैं और डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। प्रशंसकों ने उनके जल्द ठीक होने की कामना की है और सोशल मीडिया पर उन्हें समर्थन में संदेश भेजे हैं।

## एल्विश यादव और कॉमेडियन भारती सिंह हाजिर हों... दिल्ली पुलिस ने किया तलब

मुंबई । बिग बॉस ओटीटी-1 विजेता और मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव के साथ-साथ कॉमेडियन भारती सिंह को दिल्ली पुलिस ने तलब किया है। पुलिस इन दोनों के अलावा तीन अन्य व्यक्तियों से भी जानकारी जुटाएगी। दिल्ली पुलिस को हिबॉक्स नामक एक मोबाइल एप्लिकेशन से जुड़ी 500 से अधिक शिकायतें मिली हैं, इसमें इन्फ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने एप्लिकेशन का प्रचार कर लोगों को इसमें निवेश के लिए प्रेरित किया। घोटाले के मुख्य आरोपी, चेन्नई निवासी शिवराम, को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी के अनुसार, हिबॉक्स एक सुनियोजित घोटाले का हिस्सा था, जिसमें आरोपी ने एप के द्वारा प्रतिदिन 1 से 5 प्रतिशत और महीने में 30 से 90 प्रतिशत तक के गारंटीशुदा रिटर्न का वादा किया। फरवरी 2024 में लांच होने के बाद, 30,000 से अधिक लोगों ने एप में पैसे का निवेश किया। हालांकि, जुलाई माह में एप ने विभिन्न तकनीकी और कानूनी मुद्दों का हवाला देकर भुगतान रोक दिया। पुलिस ने मास्टरमाइंड शिवराम के चार अलग-अलग बैंक खातों से 18 करोड़ रुपये जब्त किए हैं, जो घोटाले की गंभीरता को दिखाता है। इसके पहले, भारती और उनके पति हर्ष लिम्बाचिया को साल 2020 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने गिरफ्तार किया था, जब उनके घर से 86.5 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। वहीं, एल्विश यादव पिछले दिनों विवादों में रहे हैं, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनकी करोड़ों रुपये की संपत्तियां जब्त की थीं।

## सोमनाथ मंदिर के आसपास बुलडोजर कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार मांगा जवाब

अहमदाबाद । सुप्रीम कोर्ट ने सोमनाथ मंदिर के आसपास अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को लेकर गुजरात सरकार से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर हमारे आदेश की अवमानना की गई है तो अधिकारियों को जेल जाना पड़ेगा। साथ ही अगर बुलडोजर की कार्यवाही गलत पाई गई तो सरकार को उसे दोबारा बनवाना होगा। बता दें कि गिर सोमनाथ स्थित सोमनाथ मंदिर के आसपास के अतिक्रमणों पर प्रशासन ने बुलडोजर कार्यवाही की थी। प्रशासन की इस कार्यवाही के खिलाफ पटणी मुस्लिम जमात ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की थी। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के 17 सिंबर के आदेश की अवमानना करने का उल्लेख किया गया था। साथ ही गिर सोमनाथ के कलेक्टर और अन्य अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही करने की मांग की गई थी। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर हमारे आदेश की अवमानना हुई होगी तो हम उसे पुनर्स्थापित करने का आदेश देंगे। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों को जेल भी भेजेंगे। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की यथास्थिति बनाए रखने की मांग खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह सरकार की जमीन है और इस पर कार्यवाही का काम 2023 से चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गुजरात सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी।

## बाप रे बाप.... अक्टूबर में राजस्थान में पारा 41 के पार

### -14 साल में दूसरी बार हुआ

जयपुर । राजस्थान में मानसून जाने के बाद गर्मी बढ़ने लगी है। गंगानगर में गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। ऐसा पिछले 14 साल में दूसरी बार हुआ है, जब तापमान अक्टूबर में 40 के पार चला गया हो। जयपुर, पिलानी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर सहित कई शहरों में मौसम साफ रहने, धूप निकलने से गर्मी तेज हो गई। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर की ओर से अगले 2 दिन राज्य में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। मौसम विशेषज्ञों के दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान (उदयपुर, जालौर के आसपास) के ऊपर एक एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इस कारण पश्चिमी हिस्से (पाकिस्तान की तरफ) से सूखी और गर्म हवा आ रही है। इसके कारण राज्य के कुछ हिस्सों में अगले कुछ दिन में तापमान में थोड़ी और बढ़ोतरी हो सकती है।

# हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर राहुल गांधी ने साधा भाजपा पर निशाना, बोले- 2 लाख पक्की नौकरियां देगी कांग्रेस सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपने एक्स पोस्ट के जरिए हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी, अपराध और नशीली दवाओं से संबंधित मुद्दों के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने विजय संकल्प यात्रा के दौरान लोगों के साथ अपने अनुभव और बातचीत साझा करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% का सहारा लिया। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा फैलाई गई बेरोजगारी की बीमारी ने हरियाणा की जड़ें, युवाओं के भविष्य और प्रदेश की सुरक्षा को गहरे संकट में डाल दिया है।



राहुल ने हरियाणा के निवासियों के साथ अपनी बैठकों का विवरण दिया, जिन्होंने अपनी यात्रा के दौरान घर की बनी रोटियाँ साझा कीं और उन्हें राज्य की जटिल समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की फैलाई बेरोजगारी की बीमारी ने हरियाणा की जड़ें, युवाओं के भविष्य और प्रदेश की सुरक्षा को गहरे संकट में डाल दिया है। हरियाणा की कुछ बहनों ने विजय संकल्प यात्रा के दौरान आश्रय दिया, बहुत प्यार से घर की रोटी खिलाई और साथ ही प्रदेश की जटिल समस्याएं समझाईं। आज, भारत में सबसे अधिक बेरोजगारी हरियाणा में है। इसका कारण है - भाजपा ने एक दशक में प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने वाली हर प्रणाली की रीढ़ तोड़ दी है।

राहुल ने अपने पोस्ट में दावा किया कि गलत जीएसटी और नोटबंदी से छोटे व्यापारों की कमर तोड़ दी। अग्निवीर से सेना की तैयारी करने वाले युवाओं का हौसला तोड़ा। काले कानूनों से कृषि व्यापार करने वालों की हिम्मत तोड़ी। इसके साथ ही उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि खिलाड़ियों से समर्थन छीनकर उनका सपना तोड़ा। परिवार पहचान पत्र से सरकारी भर्ती रोककर परिवारों को तोड़ा। इसका असर बताते हुए उन्होंने कहा कि नशे के गिरफ्त में युवा हुनर बर्बाद हो रहा है। निराश नौजवान अपराध की राह पकड़ रहे हैं। डंकी जैसे खतरों के सफर से तबाह होते परिवार। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में आने वाली कांग्रेस सरकार 2 लाख पक्की नौकरियों की भर्ती करेगी और हरियाणा को नशा मुक्त बनाएगी। हरियाणा की बहनों को वचन दिया है कि इस तबाही को रोकूंगा, उनके बच्चों की रक्षा करूंगा - रोजगार वापस आएगा, और हर परिवार खुशहाल होगा।

## जेलों में जातिगत भेदभाव पर रोक जरूरी : मायावती



लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोशल मीडिया पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है, जिसमें जेलों में जातिगत भेदभाव को अनुचित और असंवैधानिक बताया गया है। उन्?होंने सोशल मीडिया एव ?स पर पोस ?ट किया कि देश की जेलों में भी क्रूर जातिवादी भेदभाव के तहत कैदियों से जातियों के आधार पर उनमें काम का बंटवारा कराने को अनुचित व असंवैधानिक करार देकर इस व्यवस्था में जरूरी बदलाव करने का माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भरपूर स्वागत। परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के जातिविहीन मानवतावादी व धर्मपिरपेक्ष संविधान वाले देश में इस प्रकार की जातिवादी व्यवस्था का जारी रहना यह साबित करता है कि सरकारों का रवैया संवैधानिक न होकर लगातार जातिवादी है। अतः मजलूमों के लिए अब सत्ता प्राप्त करना जरूरी। उन्?होंने आगे लिखा कि परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के जातिविहीन मानवतावादी व धर्मपिरपेक्ष संविधान वाले देश में इस प्रकार की जातिवादी व्यवस्था का जारी रहना यह साबित करता है कि सरकारों का रवैया संवैधानिक न होकर लगातार जातिवादी है।

## बेंगलुरु के तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों को ईमेल से मिली बम की धमकी, हाई अलर्ट पर पुलिस

बेंगलुरु। बेंगलुरु के तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिससे परिसर में दहशत फैल गई। पुलिस ने कहा कि धमकियों की सूचना शुक्रवार दोपहर को दी गई, जो बाद में अफवाह निकली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बसवनगुड़ी में बेंगलुरु इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और सदाशिवनगर में एमएस रमैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को दोपहर करीब 1 बजे ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। जल्द ही, कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस को सूचित किया, जो बम निरोधक और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची। गहन जांच के बाद पुलिस इस नतीजे पर पहुंची कि यह एक फर्जी ईमेल था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण डिवीजन) लोकेश बी जगलासार ने एक बयान में कहा कि (मेल के) स्रोत का पता लगाने के लिए हनुमंत नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।ड्ड मामले की जानकारी जैसे ही अभिभावकों को हुई तो वे अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में जानकारी लेने के लिए कॉलेजों के सामने जमा हो गए।

## पीएम मोदी ने 10 वर्षों में किसानों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की : तरुण चुघ




नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 10 वर्षों में किसानों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की है, इन पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाकर उनकी आय बढ़ाना है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव चुघ ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, युवा, महिला और किसान जैसे चार महत्वपूर्ण वर्गों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने हाल ही में की गई घोषणाओं के माध्यम से इन वर्गों के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया। चुघ ने कहा कि किसानों के प्रति पीएम मोदी का समर्पण कृषि विकास योजना और कृषि उन्नति योजना जैसी पहलों में दिखाई देता है। ये योजनाएँ ऐतिहासिक और सराहनीय कदम हैं। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के तहत 1 लाख करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है, जो फसल की कीमतों, उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा।

दरअसल 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में किसानों को व्यापक स्तर पर लाभ पहुँचाने के लिए दो महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी गई। पहली योजना है पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और दूसरी कृषि उन्नति योजना। इन योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए केंद्र ने 1,321 करोड़ खर्च करने का निर्णय लिया है। मोदी सरकार का मानना है कि इन योजनाओं के लागू होने से किसानों को आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण लाभ होगा। इसके साथ ही, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल को भी मंजूरी दी गई है, जिसके लिए 10,103 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। केंद्र ने 2031 तक खाद्य तेल उत्पादन को 20.2 मिलियन टन बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

## टीएमसी के गुड़ों ने पूर्व सांसद सिंह के घर पर फेंके देशी बम: शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता (एजेंसी)। बैरकपुर के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह के भाटपाड़ा स्थित आवास पर अज्ञात हमलावरों ने देशी बम से हमला किया। घटना के बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार की पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पार्टी पर हमले का आरोप लगाया है। वीडियो में हमलावरों की भीड़ को एक घर की ओर बम फेंककर भागते हुए देखा जा सकता है, और यह फुटेज उसी घर की छत से शूट हुआ है।

अर्जुन सिंह ने पोस्ट कर लिखा कि सुबह, जब सभी नवरात्रि की पूजा में व्यस्त थे, तब टीएमसी के गुंडों ने मेरे कार्यालय-सह-निवास पर हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय टीएमसी पार्षद के बेटे नमित सिंह के संरक्षण में हमला हुआ और पुलिस ने मूकदर्शक बनकर कुछ नहीं किया। पूर्व सांसद ने बताया कि हमलावरों ने करीब 15 बम फेंके और एक दर्जन से अधिक राउंड गोलियां चलाई।

बीजेपी नेता अधिकारी ने राज्य के राज्यपाल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, गृह मंत्रालय और भाजपा पार्टी को टैग कर कहा, हमेशा की तरह पुलिस मूकदर्शक बनी रही और अपराधियों को रोकने के लिए कुछ खास नहीं किया। वीडियो फुटेज अपराधियों की पहचान करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि बंगाल पुलिस इस मामले में सक्रियता दिखाकर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

हमले के बाद, पूर्व सांसद सिंह ने एक दूसरा वीडियो भी साझा किया, जिसमें कई लोग उनके घर पर कुछ फेंकते दिख रहे हैं। घटना ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक तनाव को और बढ़ा दिया है, और इससे साफ है कि राज्य की सुरक्षा स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं।



# कुमारी शैलजा को अब भी मुख्यमंत्री पद की आस, मगर कांग्रेस तय कर चुकी है भूपेंद्र हुड्डा का नाम ?

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में चल रहे आंतरिक कलह के बीच पार्टी की राज्य में सबसे बड़ी दलित नेता और सांसद कुमारी शैलजा ने दावा किया है कि अगर राज्य में पार्टी सरकार बनती है। तो, मुख्यमंत्री पद का फैसला पार्टी आला कमान करेगा। हालांकि, उनके इस बयान में ज्यादा उम्मीद नजर नहीं आ रही है, क्योंकि राज्य में भूपेंद्र सिंह हुड्डा जिस प्रकार से प्रचार में जुटे हुए हैं उसको देखकर स्पष्ट कहा जा सकता है कि पार्टी आला कमान पहले ही अपने मुख्यमंत्री पद का चुनाव कर चुकी है।

सूत्रों के मुताबिक, 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में लगभग 70 से अधिक टिकटें भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थकों को मिली हैं। पार्टी के लगभग सभी उम्मीदवार भी राज्य में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नाम पर ही वोट मांग रहे हैं। इस चुनाव को लेकर पूरे हरियाणा में पार्टी के प्रमुख चेहरे के तौर पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ही पेश किया गया है। हर जगह उनकी फोटो वाले बैनर और प्रचार सामग्री भी लगी है। तो वहीं, कुमारी शैलजा की फोटो वाले बैनरों की संख्या नाममात्र की ही है। इसके साथ पार्टी की बड़ी-बड़ी रैलियां से भी , सांसद कुमारी शैलजा ने खुद को पार्टी लाइन से दूर ही रखा है।

जिससे स्पष्ट तौर पर संकेत मिल रहे हैं कि उनके मुख्यमंत्री पद के लिए दावा बहुत कमजोर है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने चुनाव से पहले सरकार गठन के लिए निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ भी जोड़ तोड़ करने की राजनीति पहले से ही शुरू कर दी है। जिससे अगर सरकार बनाने में उनका समर्थन मांगना पड़े तो वे विधायक कांग्रेस का समर्थन करने से भी पीछे ना हटें। तो वहीं, कुमारी शैलजा राजनीति के इस पहलू से कम ही वाकिफ नजर आती हैं।

कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा ने इस दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने अपनी सीट पर कैंपेन करने के साथ-साथ अन्य जगहों पर भी प्रचार किया है और वह सभी सीटें कांग्रेस जीतने में सफल भी रही है और अब राज्य में बदलाव की लहर चल रही है। जिससे कांग्रेस पार्टी की सरकार बनना तय है। सांसद शैलजा ने बताया कि इस चुनाव में पार्टी के सभी नेता पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। पार्टी के आंतरिक मतभेदों पर उन्होंने कहा कि यह सब



हमारे परिवार का आपसी मामला है जिसे हम आपस में बैठकर सुलझा रहे हैं। संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि मुख्यमंत्री पद का फैसला पार्टी हाई कमान ही करेगा।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव: एमवीए गठबंधन में शामिल होना चाहते हैं ओवैसी

**-एआईएमआईएम ने भेजा प्रस्ताव, महा विकास अघाड़ी ने नहीं लिया फैसला**

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम पार्टी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के गठबंधन में शामिल होने कोशिश कर रही है। अगर एआईएमआईएम एमवीए में शामिल हो जाती है, तो यह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के लिए बड़ा झटका होगा, क्योंकि उद्धव गुट एआईएमआईएम के शामिल होने का विरोध कर रहा है।



शिवसेना ने कहा है कि एमवीए में पहले से ही कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी, शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी, शेतकारी कामगार पक्ष और रिपब्लिकन संगठन जैसे कई दल शामिल हैं। ऐसे में नई पार्टी के लिए वर्तमान परिस्थितियों में कोई जगह नहीं है। एआईएमआईएम ने कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) को गठबंधन बनाने का लिखित प्रस्ताव भेजा है, लेकिन अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि प्रस्ताव को न तो स्वीकार और न ही अस्वीकार किया गया है। यदि एआईएमआईएम को शामिल करने पर एमवीए में सहमति नहीं बनती, तो पार्टी को बड़ा झटका लग सकता है। संभावित गठबंधन को लेकर बातचीत के बीच, एआईएमआईएम ने एमवीए को 28 सीटों की सूची सौंपी है, जहां से वह चुनाव लड़ना चाहती है। ये सभी 28 सीटें मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की हैं, या जहां मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। एआईएमआईएम ने कहा है कि यदि गठबंधन बनता है, तो वह सहयोगियों के लिए कुछ सीटें छोड़ने को भी तैयार है।

## हिमाचल में टॉयलेट टैक्स... विरोधियों ने कहा इतनी गिर गई कांग्रेस

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश में 'टॉयलेट सीट टैक्स' लगाने के विवादों के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने इस निराधार बताकर कहा कि टॉयलेट टैक्स जैसा कोई टैक्स नहीं है। इसका राजनीतिक लाभ नहीं उठाना चाहिए। सीएम सुखू ने कहा, चुनाव से पहले भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में 5 हजार करोड़ की रेवड़ियां बांटी थी, इसमें उन्होंने मुफ्त पानी के मीटर लगाने का वादा कर कहा था कि पानी का कोई बिल नहीं लिया जाएगा। हमारी सरकार ने प्रति परिवार से 100 रुपये का बिल लेने की बात कही। इसमें ओबेरॉय और ताज जैसे पांच सितारा होटल भी शामिल थे। इसमें वे भी थे जो कर देने की क्षमता रखते थे। टायलेट टैक्स जैसे कोई टैक्स नहीं है।



वहीं, हिमाचल के जल शक्ति विभाग ने शहरी क्षेत्रों में टॉयलेट के हिसाब से टैक्स लेने की खबरों का खंडन किया। उधर, सुक्खू सरकार के 'टॉयलेट सीट टैक्स' को लेकर सियासी घमासान लगातार देखने को मिल रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हिमाचल सरकार के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए लिखा, अविश्वसनीय, अगर सच है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता को जन आंदोलन बना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस लोगों से शौचालय के लिए टैक्स वसूल रही है।

सुक्खू सरकार के टॉयलेट पर टैक्स लगाने के फैसले पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने हमला बोला। नकवी ने कहा कि महात्मा गांधी जयंती के मौके पर कांग्रेस सरकार हिमाचल के लोगों को इस तरह का उपहार दे रही है निश्चित तौर पर इससे ज्यादा असंवेदनशीलता नहीं हो सकती है। एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी हर घर में फ्री टॉयलेट मिले, चौक चौराहा और चौपालों में फ्री टॉयलेट की व्यवस्था हो, उसके लिए मजबूती के साथ अभियान चला रहे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी अपने राज्य में टायलेट पर भी टैक्स लगा रही है, यह एक क्रिमिनल एक्ट है, इससे ज्यादा कुछ नहीं है।

# रावण की सराहना कर कहा उसे न जलाएं, फिर की धर्म विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी

**-डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद फिर आए चर्चाओं में**

गाजियाबाद (एजेंसी)। डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद ने एक बार फिर अपने विवादित बोल से हंगामा खड़ा कर दिया है। उन्होंने रावण की जमकर तारीफ की और उसे न जलाने की अपील कर दी। इसके बाद बोले की मैं जो भी बोलने जा रहा हूं उसे चाहें तो रिकॉर्ड कर लें। इसके बाद महंत ने एक धर्म विशेष के खिलाफ बोलना शुरू कर दिए। वीडियो वायरल होने के बाद फिर हंगामा शुरू हो गया। रावण परिवार की तारीफ करते हुए उन्होंने बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। करीब एक सप्ताह पुराना वीडियो सामने आने के बाद जंगल में आग की तरह वायरल हो गया है। सोशल मीडिया पर हजारों लोगों ने यति को लेकर अपना गुस्सा जाहिर किया तो गाजियाबाद पुलिस से तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है।दरअसल 29 सितंबर को गाजियाबाद के हिंदी भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। अमर बलिदानी मेजर आसाराम त्याग सेवा संस्थान की ओर से इसका आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में यति नरसिंहानंद भी आए थे। यति ने जब माइक संभाला तो अपने अंदाज में बोलना शुरू किया। उन्होंने मेघनाद, कुंभकरण की तारीफ की तो रावण को लेकर कहा कि उसने छोटी गलती की। यति ने मेघनाद, कुंभकरण और रावण का पुतला ना जलाने की अपील की। इसके बाद वह एक धर्म विशेष पर आपत्तिजनक बातें करने लगे।यति ने कहा, हम हर साल जलाते हैं मेघनाद को, उसके जैसा चरित्रवान व्यक्ति इस धरती पर पैदा नहीं हुआ। हम हर साल जलाते हैं मेघनाद को उसके जैसा वैज्ञानिक योद्धा पैदा नहीं हुआ। उनकी गलती क्या थी, रावण ने एक छोटा सा अपराध किया और आज लाखों साल हो गए हम रावण को जला रहे हैं।रावण परिवार की तारीफ के बाद यति ने उन्हें ना जलाने की अपील की। इसके साथ ही वह धर्म विशेष पर विवादित बातें करने लगे। टिप्पणी से पहले यति ने यह भी सुनिश्चित करना चाहा कि जो वह बोलने जा रहे हैं उसकी रिकॉर्डिंग हो जाए। उन्होंने कहा- कोई रिकॉर्ड कर रहा है या नहीं, कर लेना। पहले भी अपने विवादित बयानों से बवाल करा चुके यति नरसिंहानंद का वीडियो वायरल होने के बाद गाजियाबाद पुलिस ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज करने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सिहानी गेट पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।



## भारत में अगले पांच साल में आम आदमी की आय दोगुनी होगी: वित्त मंत्री

नई दिल्ली।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत अगले पांच साल में प्रति व्यक्ति आय को करीब दोगुना कर देगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के तीसरे संस्करण को यहां संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि हाल के दशक में भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक प्रदर्शन पांच वर्षों में उसके 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचने में साफ नजर आता है। उन्होंने कहा कि जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमए) के अनुमानों के अनुसार हमें 2,730 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय तक पहुंचने में 75 साल लगे, लेकिन इसमें 2,000 अमेरिकी डॉलर और जोड़ने में केवल पांच साल लगेंगे। आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि देखी जाएगी, जो वास्तव में भारतीयों का एक युग होगा। उन्होंने कहा कि भारत एक खंडित दुनिया में जहां लगातार कई संघर्ष बदतर हो सकते हैं जिससे वैश्विक शांति के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है जो समृद्धि का आधार हैऽ ऐसे माहौल में अपनी 1.4 अरब की आबादी के लिए कुछ वर्षों में अपनी प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करना चाहता है। उन्होंने कहा कि यह असमानता में



कमी के साथ हासिल किया जा रहा है, क्योंकि ग्रामीण भारत के लिए गिनी गुणांक 0.283 से घटकर 0.266 हो गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों के लिए यह 0.363 से घटकर 0.314 हो गया है।

## भारत में एप्पल चार और स्टोर खोलेगी

नई दिल्ली ।

आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल भारत में चार और स्टोर खोलने पर विचार कर रही है जो पुणे, बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में स्थित होंगे। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि कंपनी जल्द अपने पहले 'मेड इन इंडिया' आईफोन 16 प्रो और आईफोन 16 प्रो मैक्स भी पेश करेगी। एप्पल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम अपने दलों का निर्माण कर खुश हैं क्योंकि हम भारत में और अधिक स्टोर खोलने की योजना बना रहे हैं। हम इस देश में अपने ग्राहकों के जुनून से प्रेरित हैं। एप्पल ने अप्रैल 2023 में भारत में अपने पहले दो स्टोर दिल्ली और मुंबई में खोले थे। इस घटनाक्रम से परिचित लोगों के अनुसार, नए स्टोर अगले वर्ष खोले जाने की संभावना है।

बयान में कहा गया कि एप्पल अब भारत में आईफोन 16 प्रो और आईफोन 16 प्रो मैक्स सहित सभी आईफोन 16 का विनिर्माण



कर रहा है। एप्पल ने 2017 में भारत में आईफोन का विनिर्माण शुरू किया था। बयान में कहा गया है कि भारत में निर्मित आईफोन 16 प्रो और प्रो मैक्स जल्द ही हमारे स्थानीय ग्राहकों के लिए और दुनिया भर के चुनिंदा देशों में निर्यात के लिए उपलब्ध होंगे। सूत्रों के अनुसार मेड-इन-इंडिया आईफोन 16 प्रो और आईफोन 16 प्रो मैक्स की आपूर्ति इसी महीने शुरू होने की उम्मीद है।

## रिन्यूएबल एनर्जी कंपनियां 20 गीगावाट परियोजनाओं के लिए तलाश रहीं खरीदार



नई दिल्ली ।

भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की करीब 10 अग्रणी कंपनियां 20 गीगावाट क्षमता की परियोजनाओं के लिए खरीदार तलाश रही हैं। परियोजनाओं में कई तरह की अड़चनों का सामना करने के बाद कंपनियां यह कदम उठा रही हैं। इन अड़चनों में बिजली खरीद करार और बिजली आपूर्ति समझौता नहीं होना तथा ट्रांसमिशन के लिए कनेक्टिविटी से जुड़ी चुनौतियां शामिल हैं। देश में इस समय 150 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता तैयार है। जो परियोजनाएं बेचने की कोशिश चल रही है, उनकी क्षमता उद्योग की कुल क्षमता की करीब 13.3 फीसदी है। एक बैंकर ने कहा कि कनाडा की ब्रुकफील्ड भारत में अपनी 1.6 गीगावाट क्षमता बेचने के लिए मलेशिया का एक खरीदार तलाशने में कामयाब रही है। यह परियोजना चालू है और संभावित खरीदार के साथ 1 अरब डॉलर के उद्यम मूल्य पर बातचीत चल रही है। ब्रुकफील्ड के प्रवक्ता ने इस बारे में कुछ भी कहने से मना कर दिया। बैंकर ने कहा कि रीन्यू पावर भी अपनी सोलर विनिर्माण क्षमता को बेचने की संभावना तलाश रही है। कंपनी इससे मिलने वाली रकम से अपना कर्ज कम करेगी। रीन्यू पावर के प्रवक्ता ने ईमेल के जवाब में कहा कि रीन्यू बाजार में चल रही अटकलों के जवाब में कुछ नहीं कहती। जेएसडब्ल्यू समूह भी एनआईआईएफ और ब्रिटिश इंटरनैशनल इन्वेस्टमेंट के निवेश वाली कंपनी अयाना रीन्यूएबल पावर का अधिग्रहण करना चाहता है और इसके लिए बातचीत अंतिम दौर में पहुंच गई है। अयाना के पास 5 गीगावाट क्षमता है, जिसमें से कुछ पहले से उत्पादन कर रही है और कुछ निर्माणाधीन है। इस बारे में जानकारी के लिए जेएसडब्ल्यू समूह के प्रवक्ता को ईमेल भेजा गया मगर खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया।

## ईवी की बैट्री बदलना अब महंगा सौदा नहीं होगा



नई दिल्ली ।

इलेक्ट्रिक वाहन की बैट्री बदलना लोगों के लिए अब महंगा सौदा नहीं होगा। इसकी कीमत और कम हो जाएगी। ग्रेटर नोएडा एक्सपो सेंटर में चल रहे रीन्यूएबल एनर्जी इंडिया (आरईआई) और बैटरी शो इंडिया में नई-नई तकनीकों का बैट्री कंपनियों ने प्रदर्शन कर रही हैं। बैट्री स्टोरेज 2031-32 तक 47 गीगावॉट तक पहुंचने की तैयारियों को दिखाया गया है। भारत लिथियन-आयन बैटरी के स्वदेशी उत्पादन में के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उम्मीद है कि इससे उत्पादन क्षमता 2030 तक 150 गीगावॉट तक पहुंच जाएगा, जो सेल की कुल मांग का 13 फीसदी हिस्सा कवर करेगा। इसी तरह के लक्ष्यों के साथ बैट्री कंपनियां इस एक्सो में पहुंची हैं। मौजूदा समय देश में 1.6 करोड़ ईवी हैं। इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। देश में 2030 तक इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री को 30 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। केन्द्र सरकार ने रीन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में 2030 तक 500 गीगावॉट बिजली प्राप्त के लक्ष्य को हासिल करने के लिए, अगले 5 वर्षों में सालाना 50 गीगावॉट की रीन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए 30.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत होगी। एक्सपो में इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया रीन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो 2024 और बैटरी शो इंडिया, कार्बन फुटप्रिन्ट कम करने और रीन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। सरकार का 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 45 फीसदी तक कम करने के लक्ष्य है।

# गूगल पे से मिलेगा अब गोल्ड लोन

### भारत में अडानी समूह के साथ गूगल की पार्टनरशिप

**भारत में मुथूट फाइनेंस के साथ गूगल की पार्टनरशिप**

नई दिल्ली।

टेक कंपनी गूगल पे बड़ी तेजी के साथ भारत में अपना बिजनेस बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। गूगल ने एआई स्किल हाउस लॉन्च किया है। जो कई तरह की सेवाओं को उपलब्ध कराएगी। 3 अक्टूबर को गूगल ने अपने वार्षिक इवेंट में गूगल पे के माध्यम से गोल्ड लोन उपलब्ध कराने की सेवा शुरू कर दी है। इसके लिए मुथूट फाइनेंस के साथ गूगल पे ने पार्टनरशिप की है। गूगल पे ने लोन लिमिट को 5 लाख रूपये तक बढ़ा दिया है। गूगल इवेंट का यह दसवां साल है। भारत में यह आठ भाषाओं में सेवाएं उपलब्ध करा रही है।

**गूगल और अडानी समूह में पार्टनरशिप**

गूगल ने भारत में अदानी समूह के साथ पार्टनरशिप की है। इसके तहत गुजरात के खावड़ा में 61.4 मेगावाट का सोलर विंड हाइब्रिड प्लांट,राजस्थान में 6 मेगावाट का सोलर प्लांट, कर्नाटक में 59.4 मेगावाट का विंड प्लांट लगाने का अनुबंध किया है। गूगल 2026 तक भारतीय ग्रिड में 186 मेगावाट की न्यू क्लीन एनर्जी, जेनरेशन कैपेसिटी से जुड़ने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

**एआई में गूगल का धमाका**

गूगल ने एआई स्किल हाउस लॉन्च किया है। जो भारतीय युवाओं के लिए नौकरी के लिए विभिन्न किस्म के प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर आ रहा है। यूट्यूब, गूगल, क्लाउड स्किल्ड प्रोग्राम फ्री में उपलब्ध कराए जाएंगे। यह प्रशिक्षण कोर्स अंग्रेजी तथा 7 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की दिशा में गूगल कम कर रहा है।

**गूगल ऑनलाइन पेमेंट**

भारत में गूगल अपनी ऑनलाइन पेमेंट सेवाओं को ज्यादा से ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए हर स्तर पर हाथ पैर मार रहा है। यूपीआई सर्कल के जरिए वह भारतीय उपभोक्ताओं तक सीधा जुड़ने का प्रयास कर रहा है।

**2030 तक 33 लाख करोड़ का लक्ष्य**

गूगल इंडिया के एमडी का कहना है, वह एआई के माध्यम से वर्ष 2030 तक भारत में 33 लाख करोड रुपए के आर्थिक लेनदेन के लक्ष्य के लिए काम कर रहा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तरह-तरह की सेवाओं का विस्तार अंग्रेजी और भारतीय भाषाओं में करने की योजना गूगल ने तैयार की है।

गूगल भारत में सबसे बड़ा प्लेयर बनने के लिए भारत की छोटी कंपनियों के साथ भागीदारी सिस्टम को विकसित कर रहा है। इसमें सबसे बड़ी भूमिका गूगल के यूपीआई की होगी।





## भवन निर्माण की लागत पर भी मिलेगा जीएसटी का इनपुट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक बड़ा फैसला दिया है। उस फैसले के अनुसार रियल एस्टेट, हॉस्पिटैलिटी, वाणिज्य,लीजिंग जैसे व्यवसाय मालिकों को बहुत बड़ी राहत मिली है। सफारी रिट्रिटस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है,जीएसटी कानून के तहत इसे प्लांट माना जा सकता है। व्यवसाय के द्वारा भवन निर्माण में की गई निर्माण सामग्री की खरीद पर इनपुट का दावा किया जा सकता है। कोई भी कंपनी माल, गोदाम,रियल एस्टेट,हॉस्पिटल तथा व्यवसाय गतिविधियों के लिए निर्माण कार्य करता है। तो जीएसटी के रूप में का गए कर पर उसे जीएसटी का इनपुट अब सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से मिल सकता है। अभी तक इस तरह के निर्माण पर जीएसटी का इनपुट नहीं मिलता था। इस फैसले के बाद अब सभी होटल हॉस्पिटल वेयर हाउस और किराए की गतिविधियां चलाने वाले सभी फर्म को जीएसटी का इनपुट निर्माण कार्य की सामग्री में चुकाये गए,जीएसटी का इनपुट मिल सकेगा।

## पिछले 2 साल में अनसिक्योर्ड लोन की एनपीए दर उच्च स्तर पर

**अनसिक्योर्ड लोन के डिफाल्टर बढ़े**

मुंबई । रेटिंग एजेंसी के डेटा के अनुसार वर्ष 2022-23 में अनसिक्योर्ड लोन में 67 फ़ीसदी तथा 2023-24 में 42 फ़ीसदी की ग्रोथ देखने को मिली है। कोविड महामारी के बाद यह सबसे ऊंची दर है। बैंकों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया था। जिसके कारण अप्रैल से जून 25 की तिमाही में इसमें ज्यादा इजाफा नहीं हुआ। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां अपनी ब्रांचो से जो ऋण उपलब्ध कराती हैं। यह सारा अन सिक्योर्ड बिजनेस लोन होता है। फिनटेक कंपनियों के लोन डिफॉल्ट हो जाने से जोखिम बढ़ता चला जा रहा है। यह बिजनेस मॉडल माइक्रो इंटरप्राइजेज पर आधारित है। इसमें 10 लाख रुपए तक के ऋण 25 फ़ीसदी वार्षिक से ज्यादा सालाना ब्याज दर पर उपलब्ध कराए जाते हैं। इंडिया रेटिंग्स के अनुसार कर्ज धारकों पर ऋण की राशि लगातार बढ़ती जा रही है। बैंकों को फंसी कर्ज की बड़ी रकम राइटआफ करनी पड़ सकती है। जिसके कारण बैंकों का जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है।

## मार्क जकरबर्ग ने जेफ बेजोस को संपत्ति मामले में पीछे छोड़ा





वाशिंगटन । मार्क जकरबर्ग ने संपत्ति के मामले में अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़ दिया है। ऐसा मेटा प्लेटफॉर्म्स के शेयरों में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुआ। मेटावर्स और एआई पर जकरबर्ग के जिस दांव को शुरू में एक बहुत बड़ी विफलता की तरह देखा जा रहा था, हाल के महीनों में सफल साबित हुआ है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार गुरुवार को जकरबर्ग की कुल संपत्ति 206.2 बिलियन डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इस वृद्धि से वे संपत्ति के मामले में अमेजन के बेजोस से 1.1 बिलियन आगे निकल गए। अब इस मामले में उनसे आगे केवल टेस्ला के एलन मस्क है। जिनकी संपत्ति जकरबर्ग से लगभग 50 बिलियन डॉलर अधिक है।मेटा के शेयरों में दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर बिक्री के आंकड़े और एआई चैटबॉट को शक्ति देने वाले बड़े भाषा मॉडल की दिशा में कदम बढ़ाने के बाद 23 फीसदी की वृद्धि आई। कंपनी के शेयर गुरुवार को 582.77 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 800 , निफ्टी 200 अंक नीचे आया

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को भी गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन भी बाजार में गिरावट बनी रही। इसका कारण दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होना है। आज सुबह बाजार बाजार लाल निशान पर खुला और ये गिरावट समय के साथ ही बढ़ती रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 808.65 अंक करीब 0.98 फीसदी नीचे आकर 81,688.45 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 200.25 अंक तकरीबन 0.79 फीसदी की गिरावट के साथ ही 25,049.85 के स्तर पर बंद हुआ। गत दिवस भी बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ था। जानकारों के अनुसार मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष से उपजी चिंताओं के कारण भी बाजार गिरा है। सेक्टोरल इंडेक्स की बात की जाए तो निफ्टी में आज केवल दो सेक्टर ऐसे रहे जो लाभ के साथ ही बढ़त पर बंद हुए। आईटी शेयरों की बात की जाए तो इंफोसिस, विप्रो, कोफोर्ज, और टेक महिंद्रा के शेयरों के बल पर निफ्टी आईटी ने कुल 0.36 फीसदी की बढ़त बनाई। इंफोसिस का शेयर आज सबसे अधिक लाभ वाले शेयरों में रहा। इसके अलावा बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक के बैंक के शेयरों में भी कुल 0.54 फीसदी की बढ़त दर्ज की गयी। आज निफ्टी पर बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयर 2.10 फीसदी उछले। निफ्टी 50 के 50 शेयरों में से 37 नुकसान के साथ ही नीचे आये हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया, बीपीसीएल और हीरो मोटोकॉर्प में 3.54 फीसदी तक की गिरावट रही जबकि इंफोसिस, ओएनजीसी, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, टाटा मोटर्स और विप्रो उन 13 शेयरों में से थे, जो 1.51 फीसदी की बढ़त के साथ ही लाभ पर बंद हुए। वहीं सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, नेस्ले, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान में रहे जबकि भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा



मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी के शेयरों को सबसे अधिक लाभ हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार में कमजोरी देखने को मिली। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के खतरे ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। कारोबार की शुरुआत में बीएसई सेंसेक्स 252 अंक गिरकर 82,244 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 50, 68 अंक की गिरावट के साथ 25,181 पर कारोबार करता दिखा।वहीं एशिया-प्रशांत बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। यह वॉल स्ट्रीट में आई गिरावट और मध्य पूर्व में बढ़ते तनावों के चलते हुआ। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 इंडेक्स 1 प्रतिशत से अधिक गिरा। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.09 प्रतिशत नीचे आया, जबकि टॉपिक्स इंडेक्स में मामूली बढ़त दर्ज की गई। वहीं, दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 0.49 प्रतिशत बढ़ा। दक्षिण कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में 0.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि कोस्डाक इंडेक्स 0.74 प्रतिशत ऊपर गया।

## ईरान-इजरायल संघर्ष से भारत का चाय उद्योग संकट में

**- पश्चिमी एशिया में निर्यात प्रभावित होने की आशंका**



तेहरान । ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव से भारत के चाय उद्योग पर भी ऐसे वक्त में आशंका के बादल मंडराने लगे हैं जब पश्चिमी एशियाई बाजार में बेहतर कारोबार की संभावनाएं दिख रही थीं। जब इजरायल-हमास विवाद अक्टूबर 2023 में बढ़ा तब चाय निर्यातकों के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह थी कि इसका प्रभाव पश्चिमी एशियाई देशों तक होगा विशेषतौर पर ईरान पर।परंपरागत तौर पर ईरान भारतीय चाय का एक प्रमुख केंद्र रहा है। उद्योग का कहना है कि इस साल ईरान से काफी अच्छी मांग की गई है। भारतीय चाय निर्यातक संगठन के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है, 'पिछले साल ईरान में कारोबार, भुगतान चुनौतियों के चलते प्रभावित हुआ। लेकिन इस साल इस कारोबार में अच्छा-खासा सुधार दिखा। कलकत्ता चाय व्यापारी संगठन (सीटीटीए) के आंकड़ों के मुताबकि उत्तर भारत की परंपरागत चायपत्ती की औसत कीमत वर्ष 2024 में 288.77 रुपये प्रति किलोग्राम है जबकि वर्ष 2023 में इसकी कीमत 217.20 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वहीं दक्षिण भारत की परंपरागत चायपत्ती की औसत कीमत वर्ष 2023 के 147.35 रुपये प्रति किलोग्राम की तुलना में 164.97 रुपये प्रति किलोग्राम है। एशियन टी कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है, अगर तनावपूर्ण स्थिति में कमी नहीं आती है तब माल ढुलाई के रास्ते और बीमा पर भी असर पड़ सकता है।

## वेदांता की दूसरी तिमाही में एल्युमीनियम, जस्ता,उत्पादन में वृद्धि

नई दिल्ली ।

खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में उसके एल्युमीनियम, जस्ता और लौह अयस्क उत्पादन में वृद्धि हुई है। हालांकि, तिमाही के दौरान इस्पात, विदेशों में खनन धातु और तेल व गैस का उत्पादन घटा। वेदांता ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एल्युमीनियम उत्पादन पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में तीन प्रतिशत बढ़कर 6,09,000 टन हो गया। जिंक इंडिया में बिक्री योग्य धातु उत्पादन 2,41,000 टन से बढ़कर 2,62,000 टन हो गया। जिंक इंटरनेशनल में खनन धातु उत्पादन 34 प्रतिशत घटकर 44,000 टन रह गया, जो दूसरी तिमाही में 66,000 टन था।इस बीच, तेल व गैस उत्पादन 22 प्रतिशत घटकर 1,04,900 बीओईपीडी (प्रतिदिन तेल समतुल्य बैरल) रह गया, जो तिमाही के दौरान औसत दैनिक सकल प्रचालित उत्पादन है, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही के 1,34,100 बीओईपीडी से कम है। विक्रय योग्य लौह अयस्क का उत्पादन एक वर्ष पूर्व की समान अवधि के 12 लाख टन से बढ़कर 13 लाख टन हो गया। कुल बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन 22 प्रतिशत घटकर 2,96,000 टन रह गया तथा बिजली की बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 432.2 करोड़ इकाई हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-





सितंबर अवधि में 404.7 करोड़ इकाई थी।कंपनी ने कहा कि दूसरी तिमाही में स्टील मेल्टिंग शॉप की बाधाओं को दूर करने और ऑक्सीजन संयंत्र के रखरखाव के कारण नियोजित बंद के कारण उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। वेदांता लिमिटेड, वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी है। यह भारत, दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, लाइबेरिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कोरिया, ताइवान और जापान में फैली दुनिया की अग्रणी प्राकृतिक संसाधन कंपनियों में से एक है। इसका तेल व गैस, जस्ता, सीसा, चांदी, तांबा, लौह अयस्क, इस्पात, निकल, एल्यूमीनियम और बिजली के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिचालन है।

## महिंद्रा ने छोटे इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन खंड में प्रवेश किया





मुंबई । घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने छोटे इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन खंड में उतरने की घोषणा की। कंपनी ने दो टन से कम वजन वाले खंड में इलेक्ट्रिक चार-पहिया वाहन जियो को पेश किया है। इसकी कीमत 7.52 लाख रुपये से शुरू होती है। महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी की एक अधिकारी ने कहा कि इस खंड में डीजल की तुलना में इलेक्ट्रिक उत्पाद सात वर्ष की अवधि में ग्राहकों के लिए बढ़िया मूल्य देता है। उन्होंने कहा कि इस श्रेणी का एक प्रतिशत ही अभी इलेक्ट्रिक है जबकि तिपहिया श्रेणी में यह अनुपात लगभग 20 प्रतिशत है। हमारी आकांक्षा इस अनुपात को बढ़ाने की है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक छोटे वाणिज्यिक वाहन खंड में कंपनी की जीतो के साथ पहले से ही 14-15 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। मिश्रा ने बताया कि कंपनी को इस मॉडल की लगभग 12,000 इकाइयों के ऑर्डर पहले ही मिल चुके हैं। यह एक बार चार्ज करने पर 160 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

# विश्व कप जीतकर लगा जैसे नया जीवन मिल गया: रोहित शर्मा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप जीतने के बाद उन्हें लगा कि जैसे नया जीवन मिल गया है। भारत को पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल खेले गए टी20 विश्व कप में उसने दक्षिण अफ्रीका को हराकर आईसीसी ट्रॉफी जीतने के लंबे समय से चले आ रहे इंतजार को खत्म किया था।

रोहित की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने वनडे विश्व कप में अपने शुरुआती 10 मैच जीते लेकिन अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में वह ऑस्ट्रेलिया की चुनौती से पार नहीं पा सकी।

रोहित ने अहमदनगर में क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन करते हुए वहां बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों से कहा, ''मैं बहुत अच्छी मराठी नहीं बोलता हूं लेकिन फिर भी प्रयास करूंगा। हमारे लिए विश्व कप जीतना सबसे बड़ा लक्ष्य था। विश्व कप जीतने के बाद मुझे लगा जैसे नया जीवन मिल गया है।''

उन्होंने कहा, ''हम यहां अपनी क्रिकेट अकादमी शुरू कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि यह अकादमी यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी तैयार करेगी।''

भारत की बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में शानदार जीत के बाद रोहित और कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों को टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया गया है। भारत की टीम इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेगी और फिर पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जिसका पहला मैच 22 नवंबर से शुरू होगा।



# पीसीबी की पोल खुली, वेतन नहीं मिलने के कारण बाबर ने छोड़ी थी कप्तानी



लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के एकदिवसीय और टी20 कप्तान बाबर आजम के पद से इस्तीफे का कारण अब सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार बाबर ने पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण कप्तानी छोड़ी है। इससे साफ है कि पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) खस्ताहाल होता जा रहा है। इसी कारण उसके कई खिलाड़ी अपने वेतन के लिए तरस रहे हैं।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार खिलाड़ियों को पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिला है। जिन खिलाड़ियों को वेतन नहीं मिला है। उसमें बाबर आजम के अलावा शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान जैसे खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं। वहीं महिला टीम को भी वेतन नहीं मिला है। पुरुष टीम को जुलाई से अक्टूबर महीने तक का वेतन नहीं मिला है। इसके अलावा उनकी टीशर्ट पर जिन प्रायोजकों का लोगो होता है उनका भुगतान भी कई महीनों से नहीं हुआ है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला टीम को 23 महीने का अनुबंध दिया गया था पर उन्हें भी चार महीने का भुगतान भी नहीं दिया गया है। उनका अनुबंध 12 महीने बाद रिन्यू किया जाना था लेकिन ये अब तक नहीं हुआ।

इससे पहले बाबर ने कहा था कि वह अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं पर अब सामने आया है कि पीसीबी में मची आंतरिक कलह और वेतन न मिलने से भी बाबर परेशान थे और उनके कप्तानी छोड़ने का यही कारण रहा है।

# चेहरे के भाव देखकर ही एक दूसरे की बात समझ जाते हैं, मंधाना के बारे में बोली शेफाली



दुबई (एजेंसी)। भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि उनका अपनी जोड़ीदार स्मृति मंधाना से इतना जबर्दस्त तालमेल है कि दोनों बल्लेबाजी के दौरान एक दूसरे के चेहरे के भाव देखकर मन की बात पढ़ लेते हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के अच्छे प्रदर्शन के पीछे उसके सलामी बल्लेबाजों की सफलता भी है। शेफाली ने कहा कि उन्हें पता है कि टीम के लिये उनका योगदान कितना महत्वपूर्ण है। शेफाली ने मंधाना के साथ तालमेल के सवाल पर स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ''मैं पिछले दो तीन साल से मंधाना के साथ पारी की शुरूआत कर रही हूं और अब हम बल्लेबाजी के दौरान चेहरे के भाव से ही एक दूसरे के मन की बात पढ़ लेते हैं। हमें एक दूसरे की ताकत और कमजोरियां पता हैं और हम एक दूसरे को सकारात्मकता देते हैं।''

उन्होंने कहा, ''हमें पता है कि टीम के लिये हम दोनों कितने अहम है खासकर पावरप्ले के दौरान। इसीलिये हम अपने लिये, टीम के लिये और देश के लिये अच्छे प्रदर्शन का प्रयास करते हैं।'' शेफाली ने कहा, ''स्मृति दी की टाइमिंग कमाल की है और उन्हें पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाना आता है। मुझे उनकी यही बात बहुत पसंद है।'' उन्होंने कहा कि विश्व कप जीतना कप्तान हरमनप्रीत कौर का सपना है। उन्होंने कहा, ''हरमनप्रीत दी खेल को लेकर काफी जुनूनी है। विश्व कप जीतना उनका सपना रहा है और मैं उम्मीद करती हूं कि उनका यह सपना सच हो जाये। वह महान खिलाड़ी और शानदार कप्तान है जो हमें प्रेरित करती है।''

# धोनी नहीं दिनेश कार्तिक है टी20 क्रिकेट का बैस्ट फिनिशर: कुमार संगाकारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेट दिग्गज और राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक की सराहना करते हुए दुनिया भर में टी20 क्रिकेट में उन्हें सर्वश्रेष्ठ फिनिशरों में से एक बताया है। 39 वर्षीय कार्तिक, जिन्होंने जून की शुरुआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी, 9 जनवरी से 8 फरवरी तक होने वाले SA20 में भाग लेने वाले पहले भारतीय प्लेयर हैं।

खिलाड़ियों की नीलामी के बाद बोलते हुए संगकारा ने खरीदे गए खिलाड़ियों पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की और कहा कि हमें हमारी पहली पसंद मिली, हमारी पहली पसंद मिल गई। हमारे पास भरने के लिए केवल कुछ स्लॉट थे। नीलामी, हमेशा की तरह ग्रीम (स्मिथ) के साथ) सबसे पहले, यह बहुत आनंददायक था, लेकिन साथ ही, मुझे लगता है कि नियमों और खिलाड़ियों सहित सभी पक्ष इससे खुश होंगे। जोस बटलर के प्रतिस्थापन और जो रूट और कार्तिक को शामिल करने पर चर्चा करते हुए संगकारा ने टीम में उनके महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है। जो रूट सिर्फ एक अविश्वसनीय रूप से अनुभवी और सक्षम खिलाड़ी नहीं हैं; वह टीम में जो जोड़ते हैं उसके संदर्भ में ज्ञान, अनुभव और वह खुद को टीम में कैसे निवेश करते हैं और अन्य खिलाड़ियों के साथ कैसे जुड़ते हैं, यह मैंने पहली बार तब देखा जब वह आईपीएल में हमारे साथ जुड़े।



## दिनेश कार्तिक का ऐसा रहा है प्रदर्शन

दिनेश कार्तिक ने आईपीएल सहित विभिन्न टीमों के लिए टी20 प्रारूप में 401 मैचों में 136.96 की स्ट्राइक रेट से 7407 रन बनाए हैं। उन्होंने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट इस साल के आईपीएल के दौरान आरसीबी के लिए खेला, जहां उन्होंने 14 मैचों में 187.36 की स्ट्राइक रेट से 326 रन बनाकर टीम की प्लेऑफ क्वालीफिकेशन में अहम भूमिका निभाई थी। कार्तिक का भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। वह टीम की आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2007 और आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2013 की जीत का हिस्सा रहे। उन्होंने सभी प्रारूपों में 180 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और स्टंप के पीछे 172 शिकार किए।

## हम राष्ट्रीय टीम के लिए प्लेयर तैयार कर रहे : संगाकारा

बहरहाल, पार्ल रॉयल्स टीम में क्वेना मफाका जैसी युवा दक्षिण अफ्रीकी प्रतिभा के बारे में पूछे जाने पर, संगकारा ने कहा कि हमारे पास क्वेना और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस है। वह नौसिखिए हैं। महत्वपूर्ण है कि हम उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लें। हमने न सिर्फ इस टीम के लिए बल्कि राष्ट्रीय टीम के लिए भी खिलाड़ी तैयार करने है। आईपीएल में भी हमारा एक समान दर्शन है, जहां हम अपने और राष्ट्रीय टीम के लाभ के लिए खिलाड़ियों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। बता दें कि पार्ल रॉयल्स 11 जनवरी को सनराइजर्स ईस्टर्न केप के खिलाफ अपने #20 अभियान की शुरुआत करेंगी।

# विंडीज की शर्मनाक हार, दक्षिण अफ्रीका 10 विकेट से जीती

खेल डेस्क । दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के एकतरफा मैच में शुक्रवार को वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर वेस्टइंडीज ने 6 विकेट पर 118 रन बनाए। स्टीफानी टेलर ने 41 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए बाएं हाथ की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 29 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि मरियाने काप ने 14 रन देकर 2 विकेट चटकाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने 55 गेंद में 59 रन बनाये जबकि ताजमिन ब्रिट्ज ने 52 गेंद में 57 रन जोड़े।



इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को दबाव में रखा। काप ने हीली मैथ्यूज (10 रन) को विकेट के पीछे लपकवाकर पहला झटका दिया। कियाना जोसेफ को बाएं हाथ की स्पिनर एमलाबा ने 5वें ओवर में बोल्ड किया। वेस्टइंडीज के 3 विकेट 32 रन पर गिर गए थे जब काप ने डिएंड्रा डोटिन (13 रन) को आउट किया। इसके बाद से कैरेबियाई टीम बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रही।

# पुरुष और महिला एचआईएल लीग मुकाबले एक साथ रखा जाना सराहनीय कदम : सविता

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सविता पुनिया ने हॉकी इंडिया की प्रशंसा करते हुए कहा है कि पुरुष और महिला लीग हॉकी लीग एचआईएल मुकाबले एक साथ रखा जाना एक अच्छा कदम है। हॉकी इंडिया लीग के इतिहास में ये पहली बार है जब इस टूर्नामेंट में पुरुष टीमों के साथ ही महिला टीमें भी भाग लेंगी। इस दौराना दोनो को ही एक बराबर महत्व दिया जाएगा। हॉकी इंडिया लीग इस साल दिसंबर में आयोजित की जाएगी। इस टूर्नामेंट में 8 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें भाग लेंगी। खास बात यह है कि पुरुष और महिला लीग एक साथ खेली जायेगी, जो वैश्विक खेल लीग में एक बड़ा क्षण होगा। सविता ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा, पुरुष और महिला एचआईएल एक साथ चलेंगे, जो ऐसा कुछ है जो मुझे नहीं लगता कि किसी अन्य खेल में पहले हुआ है। हॉकी इंडिया ने हमेशा ही सुनिश्चित किया है कि पुरुष और महिला दोनों टीमों के साथ समान व्यवहार किया जाए। पुरुष और महिला टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैच या प्रतियोगिता जीतती हैं, तो दोनों को ही बराबर पुरस्कार राशि मिलती है। यह हॉकी इंडिया के खेलों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण को दर्शाता है। एक खिलाड़ी के रूप में, एक ऐसे संगठन का हिस्सा बनना खुशी देने के साथ ही सशक्त अनुभव कराता है। सविता ने कहा कि महिला एचआईएल से उभरती हुई प्रतिभाओं को एक मंच मिला है। इससे भारतीय हॉकी में एक बड़ा बदलाव आयेगा। युवा महिला एथलीटों के लिए, यह मंच न केवल उन्हें उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका देगा, बल्कि खिलाड़ी के रूप में भी सुधार करेगा।



# भारत बनाम बांग्लादेश टी20 सीरीज : टीम इंडिया की प्रैक्टिस शुरू, फील्डिंग में बहाया पसीना, पकड़े ट्रीकी कैच

ग्वालियर (मध्य प्रदेश) (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच की तैयारी कर रही है। तैयारी के लिए फील्डिंग कोच टी. दिलीप और सहायक कोच रेयान टेन डोशेट द्वारा आयोजित फील्डिंग ड्रिल में खिलाड़ी पसीना बहाते नजर आए। शुक्रवार को आधिकारिक बीसीसीआई एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में टीम के प्रशिक्षण सत्र को दिखाया गया। ग्वालियर में उज्ज्वल लय और पूर्ण प्रवाह के साथ तैयारी।

टीम इंडिया ने भारत बनाम बांग्लादेश टी20 सीरीज के शुरूआती मैच से पहले अपने क्षेत्ररक्षण कौशल में सुधार किया है।

वीडियो में दिलीप तकनीक के महत्व पर जोर देते हुए भारतीय खिलाड़ियों को निर्देश देते हुए दिखते हैं। उन्होंने कहा कि जहां आप फेंक रहे हैं, वहां अपने पैर जमा लें, यह इतना आसान है। मैं तीव्रता पर ध्यान नहीं दे रहा हूं, लेकिन लय और प्रवाह कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें हमें आज हासिल करना है। एक बार जब हम इसमें सफल हो जाएंगे, तो हम आगे बढ़ेंगे और 15 कैच लेंगे।



अभ्यास के दौरान ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को महत्वपूर्ण प्रयास करते देखा गया। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों पर कड़ी निगरानी रखी क्योंकि वे क्षेत्ररक्षण अभ्यास में लगे हुए थे। इसके अतिरिक्त, भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव, सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और स्पिनर रवि बिश्नोई को कुछ उल्लेखनीय कैच लेते देखा गया। टेस्ट सीरीज के बाद, भारत और बांग्लादेश तीन मैचों की टी20 सीरीज़ में एक-दूसरे से भिड़ेंगे।

बता दें कि आगामी सीरीज में एक बार फिर से सूर्यकुमार यादव कप्तानी करते नजर आएंगे। टीम में संजू सैमसन और जितेश शर्मा विकेटकीपर-बल्लेबाज होंगे। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर नजरें रहेंगी। रियान पराग और नितीश कुमार रेड्डी भी विशेष आकर्षण वाले प्लेयर रहे। टीम में मयंक यादव को भी मौका दिया गया है।

सीरीज का पहला मैच 6 अक्टूबर को ग्वालियर में खेला जाएगा, इसके बाद दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 9 अक्टूबर (दिल्ली) और 12 अक्टूबर (हैदराबाद) को खेला जाएगा।

**बांग्लादेश श्रृंखला के लिए भारत की टी20 टीम-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, और मयंक यादव।

**बांग्लादेश टीम-** नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन (विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, लिट्टन दास (विकेटकीपर), जेकर अली अनिक (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज। शक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, मुस्तफिजुर रहमान, रकीबुल हसन।

# इगा स्वियातेक ने लिया बड़ा फैसला, 3 साल बाद विक्टोरोल्स्की से होंगी अलग



वारसॉ। शीर्ष रैंकिंग वाली पोलैंड की महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शुक्रवार को अपने कोच टॉमस विक्टोरोव्स्की से अलग होने की घोषणा की और कहा कि यह निर्णय दोनों ने मिलकर लिया है। विक्टोरोव्स्की की कोचिंग में तीन सालों के दौरान स्वियातेक ने अपने पांच ग्रैंडस्लैम खिताबों में से चार जीते और महिलाओं की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची। स्वियाटेक ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा- अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के तीन साल बाद, अपने कोच टॉमस विक्टरोव्स्की के साथ मिलकर हमने अलग होने का फैसला किया। मैं सबसे पहले शुक्रिया कहना चाहती हूं और हमारे (कोच के) साथ मिलकर किए गए काम की सराहना करती हूं। विक्टोरोव्स्की 2021 सत्र के अंत में स्वियाटेक के कोच नियुक्त हुए थे। उन्होंने उसे अपने करियर के 22 में से 19 खिताब और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने में भी मदद की थी। हमारा मुख्य लक्ष्य दुनिया का नंबर एक खिलाड़ी बनना था और कोच विक्टोरोव्स्की ने ही यह सबसे पहले कहा था। स्विएटेक ने अमेरिकी ओपन के क्वार्टरफाइनल में जेसिका पेगुला से हारने के बाद से किसी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। उन्होंने बीजिंग में चल रहे चीन ओपन से भी नाम वापस ले लिया था। स्विएतेक ने लिखा- मेरी टीम में इस महत्वपूर्ण बदलाव के कारण, मैं नए कोच के साथ काम शुरू करने के लिए खुद को कुछ हफ्तों का समय दे रही हूं। उन्होंने लिखा- कोच, धन्यवाद, आपको शुभकामनाएं।

# एडिलेड स्ट्राइकर्स और ब्रिसबेन हीट के बीच होगा डब्ल्यूबीबीएल लीग का पहला मुकाबला

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) अगले माह 27 अक्टूबर से शुरू होगी। डब्ल्यूबीबीएल लीग का पहला मुकाबला 27 अक्टूबर को एडिलेड में एडिलेड स्ट्राइकर्स और ब्रिसबेन हीट के बीच होगा। इस लीग में भारती की स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता सहित छह भारतीय खिलाड़ी खेलती नजर आयेंगी। वहीं हरमनप्रीत सिंह और शैफाली वर्मा को इसमें शामिल नहीं किया गया है। मंधाना को एडिलेड स्ट्राइकर्स ने पहले ही अनुबंधित कर लिया था। वहीं दयालन हेमलता पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम से खेलेंगी। हेमलता पहली बार इस लीग में खेलेंगी। वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया भी इस लीग में पहली बार उतरेंगी। वह मेलबर्न स्टार्स टीम से खेलेंगी। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा भी इस टीम में शामिल हैं। वहीं शिखा पांडे को ब्रिसबेन हीट ने शामिल किया है। वह पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसका कारण है कि वह भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल नहीं हैं। वह ब्रिसबेन हीट की टीम में जेमिमा रोड्रिग्स के साथ शामिल हुई हैं।

# हॉकी इंडिया लीग की 7 साल बाद वापसी, पहली बार महिला लीग भी होगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की सात साल बाद 28 दिसंबर से नए स्वरूप में वापसी होगी जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता में 6 टीमें भाग लेंगी। महिलाओं की स्पर्धा पहली बार आयोजित की जा रही है। लीग का आयोजन 28 दिसंबर से 1 फरवरी तक 2 स्थानों राउरकेला और रांची में किया जाएगा। पुरुषों की प्रतियोगिता राउरकेला जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता रांची में खेली जाएगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी यहां 13 से 15 अक्टूबर तक होगी। इसके लिए कुल 10 फ्रेंचाइजी मालिक एकत्र होंगे। खिलाड़ियों की नीलामी 3 श्रेणियों 2 लाख रुपए, 5 लाख रुपए और 10 लाख रुपए में की जाएगी।

पहली बार महिला लीग शुरू करने से महिला हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच मिलेगा। पुरुष वर्ग में फ्रेंचाइजी मालिक चेन्नई (चार्ल्स ग्रुप), लखनऊ (यादु ग्रुप), पंजाब (जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोर्ट्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड इंटरटेनमेंट), ओडिशा (वेदांता लिमिटेड), हैदराबाद (रिसोल्यूट स्पोर्ट्स) और रांची (नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं।

महिला वर्ग में टीम मालिक हरियाणा (जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोर्ट्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड इंटरटेनमेंट) और रांची (नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं। महिला लीग की बाकी 2 टीमों का ऐलान बाद में किया जाएगा। हर टीम में 24 खिलाड़ी होंगे जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी होंगे। इनमें 4 जूनियर खिलाड़ी और 8 अंतरराष्ट्रीय सितारे होना अनिवार्य है। महिला लीग का फाइनल अगले साल 26 जनवरी को रांची में होगा जबकि पुरुष टीम का फाइनल एक फरवरी को राउरकेला में खेला जाएगा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और लीग के चेयरमैन दिलीप टिर्की ने कहा कि महासंघ का अध्यक्ष बनने के बाद से उनका सपना लीग को फिर से शुरू करने का था। उन्होंने कहा कि प्रीमियर हॉकी लीग ने दुनिया में लीग का चलन शुरू किया। पद पर काबिज होने के बाद से हमारा सपना लीग को फिर शुरू करने का था। आज हमारा सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि हॉकी इंडिया लीग से राष्ट्रीय टीमों के लिए खिलाड़ी निकलेंगे। यह हॉकी में नया इतिहास रचेगी। विश्व हॉकी के लिए भी यह अहम है। हम अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के शुक्रगुजार है कि हमें 35 दिन का विंडो मिला।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि इस लीग के लिए इंतजार लंबा रहा है। हॉकी भारत में खेल ही नहीं है बल्कि यह हमारे दिल में है। उन्होंने बताया कि एफआईएच ने लीग के लिए हॉकी इंडिया को 5 साल की विंडो दी है। उन्होंने यह भी बताया कि ओडिशा सरकार ने भारतीय हॉकी के साथ प्रायोजन करार 2036 तक बढ़ा दिया है।




# ईरानी कप : पृथ्वी शॉ के 76 रन, मुंबई के पास 274 रन की बढ़त

लखनऊ। अनुभवी स्पिनर शम्स मुलानी और तनुष कोटियान की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई ने शेष भारत के 6 विकेट 23 रन के भीतर चटकाकर ईरानी कप मैच के चौथे दिन अहम बढ़त बना ली। शेष भारत के लिए अभिमन्यु ईश्वर ने जांबाज पारी खेलते हुए 191 रन बनाए लेकिन दूसरे छोर से ध्रुव जुरेल (93) के अलावा उन्हें कोई सहयोग नहीं मिल सका। मुंबई के पहली पारी के 537 रन के जवाब में शेष भारत ने एक समय 4 विकेट पर 393 रन बना लिए थे। जुरेल और ईश्वरन ने 5वें विकेट के लिए 165 रन जोड़े। इसके बाद हालांकि मुलानी ने 10 मिनट के भीतर दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर मैच का नक्शा पलट दिया। शेष भारत की टीम पहली पारी में 416 रन पर आउट हो गई जिससे मुंबई को 121 रन की अहम बढ़त मिली। मुंबई ने दूसरी पारी में 6 विकेट पर 153 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 274 रन की हो गई है। मुलानी ने 40 ओवर में 122 रन देकर और कोटियान ने 27 ओवर में 101 रन देकर तीन 3 विकेट लिए। मुंबई के लिए दूसरी पारी में पृथ्वी साव ने 105 गेंद में 76 रन बनाए। शेष भारत के आफ स्पिनर सारांश जैन ने 18 ओवर में 67 रन देकर 4 विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुतार ने 17 ओवर में 40 रन देकर दो विकेट चटकाए। पहले दिन तीन बल्लेबाजों की ऐशगाह लग रहे विकेट पर चौथे दिन 12 विकेट गिरे जिनमें से 11 स्पिनरों ने लिए।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृजमदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# असल में मेरी कोई आदर्श भूमिका नहीं: करीना कपूर

सोशल मीडिया पर हाल ही मे एक थ्रोबैक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें करीना ने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं की भूमिका पर बात की। इस वीडियो में, उन्होंने कहा, आदर्श भूमिका? असल में मेरी कोई आदर्श भूमिका नहीं है। जब तक भूमिका अच्छी है, तब तक सब ठीक है। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक पुरुष प्रधान इंडस्ट्री है और उन्हें दमदार भूमिकाओं की तलाश है, जैसे कि उन्होंने अपनी पहली फिल्म रिफ्यूजी में निभाई थी। करीना ने 2000 में अभिषेक बच्चन के साथ रिफ्यूजी से अपने करियर की शुरुआत की। इस फिल्म में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बेस्ट डेब्यूटेंट (फीमेल) का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। इसके बाद उन्होंने मुझे कुछ कहना है, यादें, कभी खुशी कभी गम..., तलाश- द हंट बिगिन्स..., और ओमकारा जैसी कई हिट फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया। 2004 में, उन्होंने चमेली फिल्म में एक सेक्स वर्कर का रोल निभाया, जिसने उन्हें नई पहचान दी। इस फिल्म में उनकी अदाकारी को क्रिटिक्स ने सराहा और उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए दो क्रिटिक्स अवार्ड भी जीते। उनके करियर की बढ़ती ऊंचाइयों में इम्तियाज अली की जब वी मेट का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसने उनकी अदाकारी को और अधिक निखारा। करीना की व्यक्तिगत जिंदगी भी चर्चा का विषय रही है। 16 अक्टूबर 2012 को उन्होंने सैफ अली खान से शादी की। शादी के बाद, करीना ने कहा कि अपने नाम में खान जोड़ने के बावजूद, वह अपने हिंदू धर्म का पालन करना जारी रखेंगी। उनके दो बेटे, तैमूर और जहांगीर, हैं, जिनके साथ वह अक्सर क्वालिटी टाइम बिताती नजर आती हैं। करीना कपूर खान ने यह साबित किया है कि वह न केवल एक उत्कृष्ट अभिनेत्री हैं, बल्कि एक मजबूत आवाज़ भी हैं जो समाज में बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हमेशा अपने विचारों को व्यक्त किया है और इस पुरुष प्रधान इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई है। उनके अनुयायी उन्हें सिर्फ एक अभिनेत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक महिला के रूप में भी देखते हैं। करीना का यह सफर दर्शाता है कि एक महिला अपने सपनों को पूरा करने के लिए कितनी मेहनत कर सकती है और समाज में अपनी पहचान बना सकती है। बता दें कि करीना कपूर खान, बॉलीवुड की एक प्रमुख और प्रतिष्ठित अभिनेत्री, ने अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन उन्होंने हर बार अपने अभिनय और व्यक्तिगत विचारों से अपनी पहचान बनाई है।



# रावण के रथ में घोड़े नहीं, बल्कि गधे जुते होते थे: अमिताभ बच्चन

हाल ही में जारी लोकप्रिय क्विज़ रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति-सीजन 16 के प्रोमो में अमिताभ बच्चन ने पौराणिक महाकाव्य रामायण से जुड़े एक दिलचस्प तथ्य का जिक्र किया है, जिसमें गधों की महत्ता को उजागर किया गया है। अमिताभ बच्चन ने एक बार फिर अपनी बुद्धिमता और अनोखे विचारों से दर्शकों का ध्यान खींचा है। वह गधों को कर्मयोगी मानते हैं और इस पर चर्चा करने वाले हैं अगले एपिसोड में अपने लोकप्रिय क्विज़ रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति- सीजन 16 में। हाल ही में जारी शो के प्रोमो में अमिताभ ने कहा, बहुत से लोग पुष्पक विमान के बारे में जानते हैं, लेकिन रावण के पास कई जादुई वस्तुएं थीं, जिनमें से एक ऐसा रथ था जो हवा में उड़ सकता था। गधे मेहनती जीव होते हैं, इसलिए ज्यादातर लोग केवल पुष्पक विमान के बारे में जानते हैं। उन्होंने आगे यह भी कहा कि गधों के बारे में अनाप-शनाप बोलने वालों को यह समझना चाहिए कि उन्हें कर्मयोगी जानवर माना जाता है, जो अत्यधिक मेहनत करते हैं। अमिताभ ने गधों का संदर्भ रामायण में उनके उल्लेख के साथ दिया है, जहां रावण के रथ में घोड़े नहीं, बल्कि गधे जुते होते थे। इस जानकारी के माध्यम से उन्होंने गधों की मेहनती प्रवृत्ति को बताया और दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर किया कि गधे को अक्सर गलत समझा जाता है। अमिताभ बच्चन की उम्र 81 साल है, लेकिन वह अब भी बड़े पर्दे पर छाए हुए हैं। हाल ही में उन्होंने नाग अश्विन की फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमर अश्वत्थामा की भूमिका निभाई। इस साइ-फाई थ्रिलर में प्रभास, दीपिका पादुकोण, कमल हासन, और अन्य प्रमुख कलाकार शामिल हैं। अमिताभ की अगली बड़ी फिल्म वेट्टाइयां है, जिसका निर्देशन टीजे ज्ञानवेल ने किया है। यह फिल्म 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज़ होने वाली है और इसमें मंजू वारियर, राणा दग्गुबाती, फहद फासिल और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में होंगे।

# अनुष्का सेन ने रच दिया नया इतिहास

हाल ही में न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर मंच पर लाइव प्रदर्शन करने वाली पहली भारतीय कलाकार बनकर अनुष्का सेन ने एक नया इतिहास रच दिया है। इस उपलब्धि पर बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि चुनौतियां माध्यम में नहीं हैं, चुनौतियां खुद पर थोपी गई हैं। आप अपनी सीमा तय कर सकते हैं, आप अपनी चुनौतियां तय कर सकते हैं, यही आपको आप बनाता है। एक टीवी कलाकार और एक डिजिटल क्रिएटर होने की सीमाएं टूट गई हैं। हमने अभी बदलाव होते देखा है हाल ही में अभिनेत्री अनुष्का सेन ने टेलीविजन से डिजिटल मीडिया में अपने परिवर्तन के अनुभव साझा किए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक टीवी कलाकार और डिजिटल निर्माता के रूप में उन्हें अपने काम में अधिक रचनात्मकता और स्वतंत्रता मिली है। अपने करियर के बारे में बात करते हुए अनुष्का ने कहा, मैं सभी अवसरों के लिए बहुत आभारी हूं। मैं लगभग 14-15 वर्षों से इंडस्ट्री में हूं। मैंने अपने घर से ज्यादा समय सेट पर बिताया है। मुझे बहुत खुशी होती है कि मैं कुछ ऐसा कर रही हूं, जो मुझे पसंद है। प्रशंसकों ने हमेशा मुझ पर बहुत प्यार बरसाया है। अनुष्का ने अपने सफर को अलग और अनोखी बताया, जिसमें उन्होंने कई प्रयोग किए हैं। उन्होंने कहा, मैंने टीवी फेस्टिवल, फिल्में और डिजिटल प्रोजेक्ट्स में भी हाथ आजमाया है। सिंगिंग एक ऐसा क्षेत्र है, जो मैंने पहले कभी पेशेवर रूप से नहीं किया था।
इस साल मैंने इसे एक पेशे के रूप में अपनाया है। अनुष्का ने बालवीर में मेहर और बाल सखी की भूमिका निभाई थी और खूब लड़ी मर्दानी-झांसी की रानी में मणिकर्णिका का किरदार भी निभाया था। इसके अलावा, उन्होंने फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 11 में भी भाग लिया, जिसमें अर्जुन बिजलानी विजेता बने। उनकी हालिया परियोजनाओं में क्रेजी कुक्कड़ फैमिली और एम आई नेक्स्ट जैसी फिल्में शामिल हैं। अनुष्का को आखिरी बार वेब सीरीज दिल दोस्ती दुविधा में असमारा की भूमिका में देखा गया था, जो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।




# 10 से 15 मिनट का समय लगता है मुझे शो के लिए तैयार होने में: सारा खान



सन नियो के लोकप्रिय शो छठी मैया की बिटिया में छोटे परदे की अभिनेत्री सारा खान देवी कृतिकायेन की भूमिका निभा रही हैं। अपने किरदार की तैयारी के बारे में एक्ट्रेस सारा खान ने कुछ रोचक बातें साझा की हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि इस किरदार में नज़र आने के लिए उन्हें कितनी मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनके तैयार होने में केवल 10 से 15 मिनट लगते हैं। सारा खान ने कहा, चूंकि मैं छठी मैया की बिटिया शो में देवी कृतिकायेन का किरदार निभा रही हूं, इसलिए मेरी पोशाक और गहने भारी और खूबसूरत हैं। मुझे तैयार होने में सिर्फ 10 से 15 मिनट लगते हैं क्योंकि मैं अपना मेकअप कार में ही कर लेती हूं। इससे काम आसान हो जाता है, क्योंकि सेट पर मुझे सिर्फ कपड़े और गहने पहनने होते हैं। जब सारा से पूछा गया कि वह शूटिंग के दौरान भारी गहने और कपड़े कैसे सहन करती हैं, तो उन्होंने कहा, ऐसे भारी गहने कभी-कभी मेरे शरीर पर निशान छोड़ देते हैं और कभी-कभी खुजली का कारण बनते हैं। उनका वजन संभालना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन मुझे अब ऐसे कपड़े पहनने की आदत हो गई है, इसलिए यह मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने प्रोडक्शन और सन नियो टीम को धन्यवाद दिया, जिन्होंने उनके लिए इसे जितना संभव हो सके आरामदायक बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। छठी मैया की बिटिया एक दिल को छूने वाला पारिवारिक ड्रामा है, जो एक अनाथ वैष्णवी की कहानी पर आधारित है। बृंदा दहल द्वारा निभाए गए किरदार को छठी मैया (देबोलीना भट्टाचार्जी द्वारा निभाया गया) को अपनी मां मानती है। यह शो अच्छाई की बुराई पर जीत का उत्सव मनाता है और छठी मैया के प्रति श्रद्धा और भक्ति को उजागर करता है, जो अपने भक्तों की सुरक्षा और मार्गदर्शन करती हैं। सारा खान की यह भूमिका दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय हो रही है, और उनके अभिनय की सराहना की जा रही है।

# शाहिद कपूर ने आइफा के मंच किया शानदार प्रदर्शन

हाल ही में अभिनेता शाहिद कपूर ने अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) के मंच पर शानदार प्रदर्शन किया। उनके ऊर्जावान नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इतना ही नहीं, इस दौरान उन्होंने अपनी मां नीलिमा अजीम की नृत्य प्रतिभा को भी खास सम्मान दिया। शाहिद ने मंच पर उपस्थित दर्शकों को बताया कि उनकी मां नीलिमा एक जीनियस डांसर हैं। उन्होंने कहा, वह वास्तव में एक जीनियस डांसर हैं। मैं उनका एक प्रतिशत भी नहीं हूं। मैं बस खुश हूं कि मेरे अंदर उनका कुछ डीएनए मिला। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे वह अपने जीवन के आरंभिक दिनों में अपनी मां का नृत्य देखते हुए बड़े हुए और यह उनके लिए कितना प्रेरणादायक रहा है। शाहिद ने अपने पहले लाइव प्रदर्शन के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उनका पहला कॉन्सर्ट माइकल जैक्सन का था, जब वह केवल 15 साल के थे। उन्होंने याद करते हुए कहा, मैं अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स गया था। मुझे याद है कि मैंने उनका डांस देख कर महसूस किया था कि यह कितना अद्भुत है। शाहिद ने कहा कि लाइव परफॉर्मेंस उनके लिए एक अनोखा अनुभव है, और वह हमेशा इसे जीने की कोशिश करते हैं। आइफा अवॉर्ड नाइट को और भी खास बनाने के लिए, शाहिद ने प्रसिद्ध कोरियोग्राफर प्रभु देवा के साथ मुकाबला गाने पर डांस किया। यह प्रदर्शन दर्शकों के लिए एक बड़ी सौगात रहा। शाहिद ने बाइक पर एक पावर-पैक एंट्री की, जिससे उनका स्वागत जबरदस्त हुआ।
शाहिद का यह प्रदर्शन न केवल उनकी नृत्य प्रतिभा का परिचायक था, बल्कि यह उनके पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन के बीच के संबंधों को भी दर्शाता है। उन्होंने अपने दर्शकों से जुड़ने और उनके साथ इस विशेष पल को साझा करने का एक अद्वितीय तरीका अपनाया। इस इवेंट में शामिल होकर, शाहिद कपूर ने अपने फैंस को एक बार फिर से यह एहसास दिलाया कि वह केवल एक अभिनेता नहीं हैं, बल्कि एक उत्कृष्ट परफार्मर भी हैं।



# हनी सिंह के जीवन पर बनने जा रही है डॉक्यूमेंट्री

भारतीय रैपर यो यो हनी सिंह के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री बनने जा रही है। इस डाक्यूमेंट्री को लेकर हनी सिंह काफी उत्साहित हैं। उन्होंने हाल ही में एक मजेदार किस्सा शेयर करते हुए बताया कि कैसे वह 2 साल तक करण औजला के मैनेजर को ही करण समझकर बात करते रहे। हनी सिंह ने कहा, मैंने पहले कभी करण औजला से सीधे बात नहीं की थी। मैं उनके मैनेजर से बात करता था और उन्हें ही करण समझ बैठा था। यह सब तब शुरू हुआ जब करण औजला ने हनी सिंह को उनका गाना मेक्सिको भेजा था और उन्हें इसे गाने के लिए कहा। हनी ने कहा, गाना अच्छा था, लेकिन जब मैंने गाने में कुछ तकनीकी बदलाव करने की बात की, तो उनके मैनेजर ने इस पर चर्चा करने से इनकार कर दिया। मुझे अजीब लगा कि आखिर करण मुझसे तकनीकी मुद्दों पर बात क्यों नहीं कर रहे। कुछ दिनों बाद, हनी सिंह को सच्चाई का पता चला जब करण के मैनेजर अल्फाज ने यह खुलासा किया कि वह वास्तव में करण औजला नहीं थे, बल्कि उनके मैनेजर थे। हनी सिंह ने कहा, मुझे यह हरकत बिल्कुल भी पसंद नहीं आई। मैंने उनसे पूछा कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। फिर कुछ दिन पहले अल्फाज ने मेरी असली करण औजला से बात करवाई और मैं समझ गया कि असल में करण कौन है।

